RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिय हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 211 | ग्वालियर बुधवार 12 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता पर बिजली की दरों में वृद्धि का भार न डाला जाये: प्रवीण अग्रवाल

## उद्योगों को सोलर प्लांट लगाने पर 1 रूपये प्रति यूनिट की दर से सब्सिडी दी जाये

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर - प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियां जब तक अपने लाइन लॉसेस को 10 प्रतिशत से कम नहीं करती हैं तब तक बिजली की दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि पर विचार नहीं किया जाना चाहिए7 प्रस्तावित टैरिफ में उद्योगों पर बिजली की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है जो कि उचित नहीं है क्योंकि एक ओर तो हमारे प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निवेश को आकर्षित करने के लिए रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव एवं ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कर प्रदेश में बिजली बहुतायत एवं कम दरों पर उपलब्ध होने की बात कहते हुए निवेशकों को आमंत्रित किया जा रहा है7 वहीं बिजली कंपनियां औद्योगिक दरों में वृद्धि का प्रस्ताव देकर इस पहल में में बाधक बन रही हैं7 यह बात आज मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, भोपाल द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा कही गई7

डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि म.प्र. में बिजली उत्पादन की लागत लगभग 3 रूपये यूनिट पड़ती है और औसतन बिजली को 7-8 रूपये प्रति यूनिट की दर से विक्रय कर रहे हैं7 इसके बाद भी कंपनियों को रेवेन्यू का शॉर्टफॉल पड़ता है और इसकी पूर्ति के लिए कंपनियां दरें बढाने का प्रस्ताव लेकर आती हैं7 सुझाव है कि नियामक आयोग को यह निर्धारित करना चाहिए कि जब तक वितरण कंपनियां लाइन लॉसेस को 10त्न से नीचे लेकर नहीं आयेंगी तब वह दर वृद्धि का प्रस्ताव नहीं दें7 इससे उन्हें ताकीद की जाये कि वह कैसे भी लाइन लॉसेस को कम करें7

दूसरा सुझाव है कि जिस तरह से टैरिफ के स्लैब होते हैं और उसमें जो तकनीकी चीजें होती हैं, उसे आम उपभोक्ता नहीं समझ पाता है, उसे विद्युत बिल में जोड़े गये एनज चार्जेज आदि की जानकारी नहीं होती है और न ही वह यह समझ पाता है कि उससे यदि कोई अनियमितता हो जाये तो उसकी सजा क्या होगी7 उदाहरण के तौर पर ज्यादातर जगहों पर एम.डी. मीटर वितरण कंपनी द्वारा लगा दिये गये हैं7 एम.डी. काउंट होने से वितरण कंपनियों द्वारा उपभोक्ता द्वारा प्रयोग किये जा रहे भार की जानकारी हो जाती है लेकिन एक सामान्य उपभोक्ता जिसके यहां एक किलावोट का कनेक्शन है और उसके यहां 1.6 किलोवाट एम.डी. दर्ज होती है तो डिस्कॉम द्वारा चैकिंग की जाती है और धारा 126 के तहत एक साल की दोगुनी दर से उस पर बिलिंग कर दी जाती है तथा उपभोक्ता की इस पर कोई सुनवाई नहीं होती है7 इससे उपभोक्ता का शोषण हो रहा है क्योंकि बिजली कंपनियों का एकाधिकार है7 इसी प्रकार यदि झुग्गी-झोपड़ी वाले, असहाय बुजुर्ग/विधवा महिला तथा कमजोर वर्ग के लोग घर के अंदर ही गोली-बिस्कुट या चाय की दुकान खोल लेते हैं तो घर के कनेक्शन से ही एक बल्व और पंखा चालू कर लेते हैं तो 100 से 150 वॉट का लोड उपयोग करने पर बिजली कंपनी द्वारा घरेलू से गैर



घरेलू उपयोग पाये जाने पर एक साल की दोगुनी दर से पूरे लोड पर बिलिंग की जाती है7 इससे गरीब की आजीवका बंद हो जाती है7 यदि यह गरीब उपभोक्ता 100 वॉट का गैर घरेलू कनेक्शन लेता है तो उसे हर माह लगभग 225 रूपये का बिल देना ही पड़ता है7

अत- सुझाव है कि घरेलू श्रेणी में एक किलोवाट तक किसी अन्य उपयोग पर जो बिलिंग की जाती है वह बिलिंग न की जाये, ऐसा टैरिफ में प्रावधान रखा जाये7 एक किलोवाट से अधिक के उपयोग पर ही बिलिंग की जाना चाहिए7 यह प्रावधान स्वरोजगार को प्रेरित करेगा और बिजली कंपनियां नियमों की आड़ में जो उपभोक्ता का शोषण कर रही हैं, उसे भी रोका जा सकेगा7

**टीओडी टैरिफ** यह सभी श्रेणियों पर लगाए जाने की बात उचित नहीं है क्योंकि हमारे यहां बिजली सरप्लस में है7 इसलिए इस तरह के चार्जेज नहीं आना चाहिए7

**ग्रीन एनर्जी:** इसे बढावा देने के लिए जो उपभोक्ता अपने यहां सोलर स्थापित करते हैं तो घरेलू कंज्यूमर को हम कुछ पैसे की छूट दे सकते हैं7 लेकिन उद्योग यदि सोलर स्थापित करते हैं तब चूंकि सरकार द्वारा उन्हें सोलर लगाने में सब्सिडी नहीं दी जाती है इसलिए इसे प्रोत्साहित करने के लिए जितने लोड का इण्डस्ट्रियल कनेक्शन है, यदि उतने ही लोड का सोलर प्लांट किसी इकाई द्वारा स्थापित किया जाता है तो रूपये यूनिट के हिसाब से उस इकाई को छूट दी जाना चाहिए7 इससे उद्योगों को सोलर स्थापना के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और हमारा मध्यप्रदेश बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा तथा दूसरे प्रदेशों की बिजली का खटका म.प्र. के हाथ में होगा7

### टैरिफ दरें

घरेलू कनेक्शन से गैर घरेलू उपयोग पर कंपनियों को रेवेन्यू का लॉस नहीं होने वाला है क्योंकि घरेलू की दर 300 यूनिट से अधिक होने पर 7.11 रूपये की दर प्रस्तावित की है जबकि गैर घरेलू में यह दर 6.80 रूपये है7 इसलिए यदि एक किलोवाट तक घरेलू कनेक्शन से गैर घरेलू उपयोग की अनुमति देंगे तो इससे वित्तीय नुकसान नहीं होने वाला है7 बल्कि एक अच्छा माहौल बनने वाला है7

घरेलू, गैर घरेलू एवं उद्योग किसी भी प्रकार की श्रेणी में विद्युत दरों में वृद्धि नहीं की जाये7 2025-26 के प्रस्तावित टैरिफ में उद्योगों के लिए दरों में वृद्धि प्रस्तावित की है7 इससे प्रदेश में निवेश पर विपरीत असर पड़ेगा7 एक तरफ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश के लिए औद्योगिक घरानों को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट एवं रीजनल कॉन्क्लेव द्वारा प्रदेश में बिजली की बहुतायत एवं कम दरों एवं अन्य सुविधाओं का हवाला देकर आमंत्रित कर रहे हैं7 बिजली कंपनी द्वारा उद्योगों के लिए दर वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है जो कि प्रदेश में निवेश को बढावा देने में बहुत बड़ा रोड़ा साबित होगा7 इसलिए दर वृद्धि के प्रस्ताव को बिल्कुल भी स्वीकृति न दी जाये7 बल्कि वितरण कंपनियों को इस बात के लिए बाध्य किया जाये कि वह पहले अपने लाइन लॉसेस को 10 प्रतिशत से कम करें7 इसके बाद भी यदि कंपनियों के लॉस की भरपाई नहीं होती है तब दर बढाने की बात पर विचार करना चाहिए7 अन्यथा यदि हम दरें बढाते हैं तो इसका संदेश यह जाएगा कि हम बिजली चोरी को संरक्षित करना चाह रहे हैं और ईमानदार उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रहे हैं7 बार-बार यही हो रहा है, इसलिए बिजली की दरों में किसी भी तरह की वृद्धि नहीं की जाये7

गौरतलब है कि म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित टैरिफ शेड्यूल पर सुझाव हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग का आयोजन किया गया7

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही :ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

भोपाल ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी का मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने गत् एक वर्ष में विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि



मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत्उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है।

बैठक में टीकमगढ़ के विधायक श्री यादवेन्द्र सिंह, कटंगी विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी और कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी ने ऊर्जा विभाग के कार्यों में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। उप सचिव ऊर्जा श्री मंदार पुराणिक ने पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन से विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी से बनाई गयी सड़क में जमकर भ्रष्टाचार

## ग्रामीणो ने घटिया सड़क निर्माण का जमकर विरोध किया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार
व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत- बरखेड़ा। जिले की सडको को लेकर आये दिन शोशल मीडिया पर विडियो वायरल होते रहते है। जिस क्षेत्र मे भी सडको का निर्माण कार्य होता है। वह सडक कुछ ही दिन के बाद हाथो से ऊखडने लगती है। हो सकता पीलीभीत जिले का आदमी और जिलो के आदमियो की तुलना भी ज्यादा शक्तिशाली है। जोकि हाथो से सड़क ऊखेड देता है। या यह समझे की यहा सडके ही हाथ से ऊखेडने बाली बनायी जाती है। दोनो मे से आखिरकार एक तो बात सही है। लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है। की बाकी जिलो की तुलना मे सबसे घटिया सड़क निर्माण कार्य जिला पीलीभीत मे ही किया



जाता है। क्योंकी पीडब्ल्यूडी विभाग की मनमानी पर ऊतारी है। जिले की सडको मे गुणवक्ता के नाम पर सिर्फ खाना पूरी करके सरकारी धन को ठिकाने लगा देते है। और योगी सरकार को गुमराह करके सरकारी धन का बंदरबांट कर लेते है। जिसका नतीजा यह है। की यहा की सडके बनाते के समय हाथो से ऊखडने लगती है। वही बरखेड़ा क्षेत्र के गांव मुड़िया हुलास से कटवारा तक का रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही 1ज्ञ्2 किलो मीटर की सड़क 61 लाख रूपए से बनाई जा रही है। जैसे ग्रामीणो को जनकारी हुए सड़क निर्माण कार्य मे धांधले बाजी की जा रही है। रोड के ऊपर रोड बना करकर घटिया सड़क निर्माण कार्य कराकर लाखो रूपए का सरकारी धन ठिकाने लगा दिया वही ग्रामीणो ने सड़क की गुणवक्ता पर उठाये सवाल और हाथो से सड़क ऊखाडते हुए विडियो बनाकर शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की काफी फजीहत हो रही है। इस मौके पर जगदीश प्रसाद, छद्दमीलाल भारती, देवेंश गंगवार, महिपाल, कुंभकर्ण, अरविंद कुमार, लालता प्रसाद, कल्लू, बुद्धसेन, दिनेश, ठाकुर दास बाबा सहित दर्जनो की संख्या मे लोगो ने जोरदार प्रदर्शन करके विरोध जताया।

# ग्राम पुटकापुरी में 26 से 29 मार्च तक को गहिरा एवं मड़ई मेला का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान / सुरेन्द्र बघेल




रायगढ़ । पुसौर विकासखंड के ग्राम पुटकापुरी में 26, से एवं 29 मार्च 2025 को संध्या 7 बजे से गहिरा एवं मड़ई मेला का आयोजन किया जायेगा। मेले के आयोजक यादराम यादव ने बताया कि मेले मुख्य अतिथि के रूप में उमेश पटेल (विधायक) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश साहू (छाया विधायक) को आमंत्रित किया गया है एवं इसके साथ ही साथ आसपास के दुकानदार एवं मीना बाजार झूला मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगे मेला में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# वित्तमंत्री ने देवडा ने किया 19206 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश

**भोपाल।** विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए 19206 करोड़ 79 लाख 529 रुपए के दूसरे अनुपूरक बजट में मंत्रियों के बंगलों की सजावट का सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। इस अनुपूरक बजट में शासकीय आवासों की मरम्मत के लिए 205 करोड़ रुपए बजट में तय किए गए हैं। मंत्रियों के आवासों की सजावट पर 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इसके अलावा सिंचाई परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ और गेहूं खरीदी के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है। योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा स्टेट सपोर्ट मिशन के लिए बजट में राशि तय की गई है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, नहरों के निर्माण और मरम्मत के लिए दूसरे अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

किस योजना के लिए कितने बजट का प्रावधान

■ औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन योजना के लिए 726 करोड़ रुपए।

■ अटल गृह ज्योति योजना के लिए 622.4484 करोड़ रुपए।

■ खाद्य विभाग के उपार्जन के लिए




2000 करोड़ रुपए।

■ एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन के लिए 1075.80 करोड़ रुपए।

■ वन विभाग के वानिकी और वन्य जीव के विकास के लिए 293 करोड़ रुपए।

■ वन्य जीव पर्यावास का समन्वय व विकास के लिए 35.72 करोड़ रुपए।

■ सहकारी बैंकों से किसानों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 34.50 करोड़ रुपए।

■ मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के लिए अलग-अलग सेगमेंट में 366 करोड़, 138 करोड़ और 96 करोड़ रुपए।

■ मंत्री बंगलों-सरकारी आवासों के लिए इतना प्रावधान

■ मंत्रियों के बंगलों की साज सज्जा-रखरखाव के लिए पांच करोड़ रुपए।

■ स्न टाइप उच्च श्रेणी आवास, गैर आवासीय भवनों की मरम्मत के लिए 50 करोड़।

■ अन्य कैटेगरी के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान।

■ विशेष मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपए अलग से मांगे गए हैं।

■ विश्राम भवन, गृह निर्माण अंतर्गत सात करोड़, शासकीय आवास गृहों के निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान।

■ बिजली कंपनियों को अलग-अलग मद में इतना भुगतान

■ अटल कृषि ज्योति योजना में सब्सिडी के रूप में कंपनियों को भुगतान के लिए 1991.7824 करोड़ रुपए की पूर्ति तय की है।

■ टैरिफ मद अनुदान के लिए 131.5435 करोड़।

■ अटल गृह ज्योति योजना (अनुसूचित जाति सब स्कीम) के लिए 234.6936 करोड़।

■ एससी वर्ग को निशुल्क 5 हार्स पावर कृषि पंप, थ्रेसर, एक बत्ती कनेक्शन की प्रतिपूर्ति के लिए 386.0827 करोड़ रुपए।

■ अनुसूचित जनजाति उप योजना में टैरिफ अनुदान के लिए 49.5984 करोड़ रुपए।

■ अटल गृह ज्योति (एससी उपयोजना) के अंतर्गत बिजली बोर्डों को 163.2651 करोड़ रुपए।

■ अनुसूचित जाति वर्ग के लिए पांच एचपी के कृषि पंप, थ्रेसर और एक बत्ती निशुल्क कनेक्शन प्रतिपूर्ति के लिए 386.0827 करोड़।

■ इसी वर्ग के लिए टैरिफ अनुदान के लिए 34.5032 करोड़ रुपए।

■ प्रदेश में बड़े पुल, सड़क और ग्रामीण सड़कों के लिए 2500 करोड़

# समय से पूरा हो गोआश्रय का निर्माण-रमाकान्त उपाध्याय

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीतापुर । जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आए उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद सीतापुर के गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों पदाधिकारियों के साथ गोवंश संरक्षण एवं अनुश्रवण विषयक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सदस्य ने निर्देश दिए कि सभी गो आश्रय स्थलों में मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। प्राप्त धनराशि का पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये। सदस्य ने कहा कि यदि कोई गड़बड़ी, अनियमितता या लापरवाही पायी जाती है तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।बैठक के दौरान सदस्य ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन गो आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराया जाये। गो आश्रय स्थलों में हरे चारे एवं पोषक आहार का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। बीमार पशुओं को समय से इलाज भी उपलब्ध कराया जाये। साथ ही सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक गायों को किसानों को दिया जाये और उन्हें गौमूत्र, गाय के गोबर आदि का व्यापक स्तर पर उपयोग भी समझाया जाये। सरकार द्वारा जैविक खेती पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने अन्य लाभों को भी विस्तारपूर्वक बताया।इसके उपरान्त सदस्य ने कलेक्ट्रेट गेट पर स्थापित आकांक्षा स्टोर एवं स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय हेतु स्थापित स्टालों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना भी की। ।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एम0 पी0 सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुरार स्थित दिगंबर जैन दीनानाथ बगीची में सिद्धचक्र विधान हो रही सिद्धों की अंतर्मन भक्ति

## दिगंबर जैन दीनानाथ की बगीची मंदिर में चल रहे सिद्धचक्र विधान आज चढ़ेंगे अंतिम 1024 अर्घ्य, कल होगा विश्वशाति महायज्ञ के साथ समापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101





**ग्वालियर** । मुरार स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती दीनानाथ बगीची मंदिर में 06 से 13 मार्च तक अष्टानिका महापर्व पर चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान के आज छठवें दिन मंगलवार को इंद्र इन्द्रणियो ने नमन कर सिद्धों को 512 महाअर्घ्य समर्पित किए। आज बुधवार को चढ़ेंगे अंतिम दिन 1024 अर्घ्य, कल गुरुवार को होगा विश्वशांति महायज्ञ के साथ समापन। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सबसे पहले विधानाचार्य इंजीनियर राकेश जैन ने पहले रिद्धि सिद्धि मंत्रो का उच्चारण के साथ इंद्रो ने भगवान जिनेंद्र के ऊपर कलशों से सौधर्म इंद्रा, कुबेर, यज्ञनायक, महेंद्र इंद्रा सहित इन्द्रो ने पीले वस्त्रो में हाथों में कलशों जल की धारा से अभिषेक किया। इसके बाद भगवान जिनेंद्र की शांति धारा जीएल जैन, दिनेशचंद्र जैन, विजय अजय जैन, राकेश जैन पंकज जैन, महेशचंद्र जैन ओर अशोक जैन विनोद जैन सुपर परिवार ने की। वही सिद्धचक्र विधान में संगीतकार दीपेश जैन राकेश जैन ने धार्मिक भजनों गायकर भक्ति कराई। वही मैना सुंदरीश्रीपाल, सौधर्म इंद्र, कुबेर, महायज्ञ नायक, और सभी इंद्र इंद्राणियों ने नृत्य करते हुए विधान में अष्टद्रव्य से पूजन कर 512 महाअर्घ्य मंडप पर मंत्रोच्चारण के साथ समर्पित किये गए।

**धर्म का दान देकर यदि चुकाया नहीं तो उसका फल नहीं मिलता है : विधानाचार्य राकेशजी :-**

सिद्धचक्र विधान में विधानाचार्य इंजिनियर पंडित राकेश जैन ने कहा कि मनुष्य जन्म का फल, पूजा, दया, दान, जप, परोपकार है। यहां तीर्थ यात्रा से कम अनुभव नहीं हो रहा है। जिस व्यक्ति ने परोपकार नहीं किया। उसका जीवन व्यर्थ है। ऐसे अनुष्ठान हमारे अंदर प्रसन्नता पैदा करते हैं। हम विशुद्धि के परिणाम रखते हैं, तो हमारे कर्मों का क्षय होता है। विशुद्धि के माध्यम से हम मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। दान, पूजा, उपवास मुख्य कर्तव्य कहे गए हैं। अपने और पर के अनुग्रह के लिए दान दिया जाता है। धर्म कार्यकी लिए दान देकर यदि चुकाया नहीं तो उसका फल नहीं मिलता है। दान बोलकर समय पर दें। भगवान की भक्ति अच्छे से करेंगे, तभी आप के दिन बदलेंगे। भगवान की पूजा, भक्ति हमेशा करते रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मावा एवं रसगुल्ले का लिया सेम्पल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम निरंतर क्षेत्र में घूमकर जाँच कर रही है एवं खाद्यान्न के नमूने भी एकत्र कर रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बृजेश शिरोमणि ने दल के साथ मंगलवार को मोर बाजार में पाठक मावा भण्डार तथा बालाजी डेयरी प्रोडक्ट एवं पाल मावा भण्डार व सदगुरु मावा भण्डार का निरीक्षण किया और इन फर्मों से मावे के नमूने प्राप्त किए। इसके साथ ही शानौ शौकत शिंदे की छावनी का निरीक्षण कर रसगुल्ले के नमूने प्राप्त किए। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लिए गए नमूनों की जांच के लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# शराब स्मैक आदि नशे के विरुद्ध माहौल वनाना ही समाज सुधार है : हरीबाबू निराला

रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान





मिहोना नगर में नशा मुक्ति चौपाल का आयोजन किया।चौपाल में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्त संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि अब समय आ गया है सभी को आपसी बैर भूलकर समाज विकास के बारे में बात करनी पड़ेगी उन्होंने शराब के विषय में बोलते हुए कहा कि घरेलू हिंसा का मुल कारण शराब ही है शराब के विरुद्ध युद्ध मे आप सब की जरूरत है नगर परिषद अध्यक्ष ठकुरी प्रसाद कुशवाह कि शराब मुक्त नगर से ही शराबमुक्त समाज का निर्माण हो सकता है,नशे के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। चौपाल में बोलते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष बोहरे ने कहा कि नशा नाश की जड़ है इससे सभी को दूर रहने की जरूरत है सभी नगरवासियों को नशे से दूर रहने की जरूरत है उन्होंने अपराध में नशे की भूमिका का उल्लेख किया तथा नशे के कारण होने बाली सड़क दुर्घटनाओं की बात कही सर्व समाज के सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।चौपाल में बोलते हुए रामसिया मास्टर प्रियरत्न भंते ने कहा कि शराब के कारण ही अपराधों का जन्म होता है नगर की छोटी छोटी समस्याओं का निदान चौपाल लगा कर किया जा सकता है चौपाल को सामाजिक कार्यकर्ता हरिबाबू निराला ने सम्बोधित कर नशा मुक्ति पर अपना काव्यपाठ किया व् योगेंद्र सिंह कुशवाह भारती समाजसेवी ने नशे के व्यापक दुष्परिणाम के बिषय में बताया स्कूल संचालक आशुतोष दोहलिया ने भी चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि जातिगत द्वेष मिटाकर अपराध मुक्त शराब मुक्त नगर का निर्माण किया जाना चाहिए।उन्होंने नशे से दूर रहने का सभी से आह्वान किया उन्होंने कहा कि नशा नाश करता है,नशे से दूर रहने के लिए संकल्प पर अडिग रहने की जरूरत है चौपाल का संचालन समाजसेवी वैजनाथ कुशवाह द्वारा किया गया उन्होंने सामाजिक समरसता एवं नशा मुक्ति के लिए लोगों को साथ आने का आह्वान किया। चौपाल में बार्डवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से राजेश सियोते पार्षद,इंद्रसेन पार्षद सोनी विजय सिंह कुशवाह पार्षद प्रमोद कुशवाह इंजी राकेश कुशवाह डॉक्टर विनोद कुशवाह जगतपाल कुशवाह उमेश कुशवाह डॉक्टर भगवान सिंह कुशवाह अंकित कुशवाह रवि कुशवाह पंकज करैया नीरज शर्मा रोहित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए अम्बाह थाना परिसर में में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के मार्गदर्शन में अम्बाह थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह कुशवाह के निर्देशन अम्बाह थाना में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाने हेतु थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुलाई। जिसमें बताया गया कि होली के दिन नमाज भी अदा की जाएगी इसलिए हिंदू और मुस्लिम होली के दिन सौहार्द प्रेम भाव के साथ अपना अपना त्यौहार मनाए। बैठक में अम्बाह टीआई सतेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने कड़ी निगरानी की जायेगी ज्ञात रहे कि हिंदू और मुस्लिम में प्रेम भावना बरकरार रहे इसलिए शांति से दोनों त्यौहार निकल जाएं इसलिए इस मीटिंग का आयोजन किया गया।

**मीटिंग में उपस्थित लोग :** विजय गुप्ता संयोजक व्यापार प्रकोष्टांबा भाजपा कविंद्र सिंह तोमर खेम सिंह भदोरिया राजू सिंह तोमर, अशोक कपासिया पार्षद, बाली सिंह तोमर , आबिद खान मीनू खान भीम सिंह तोमर पत्रकारगढ़ एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मथुरा से परिक्रमा कर लोट रहे ग्वालियर के युवकों पर जानलेवा हमला

## रास्ते में गाड़ी रोक कर किया झगड़ा कार सवार युवक आदित्य राजावंत गंभीर रूप से घायल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** मथुरा के बरसाना से होली खेलकर लौट रहे ग्वालियर के कार सवार युवकों से थाना सैंया क्षेत्र में ग्वालियर हाइवे टोल प्लाजा पर दबंगों ने मारपीट की। कार चालक के चेहरे पर डन्डा से वार किये गए जिससे कार चालक को चोटें आयीं हैं। हमलावरों ने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल फरियादी आदित्य राजावत ने प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि मे और मेरे साथी मथुरा वृंदावन में होली खेलकर ग्वालियर को जा रहे थे और मेरे साथ जौरा के व्यक्ति भी थे , सैया टोल प्लाज के पास रास्ते में सौरव नाम का व्यक्ति उसके साथ दो लोग और थे हमारी गाडी रोककर गाडी नंबर पूछने लगे हम लोगो ने मना किया तो वह तीनो लोग हमारे साथ गाली गलौज हुऐ मारपीट करने लगे एक युवक ने किक्रेट बैट से कार के शीशे को तोड़ दिया। अन्य युवकों ने कार सवार आदित्य व सतेन्द्र के साथ मारपीट कर दी। एक युवक ने आदित्य के चेहरे पर क्रिकेट बैट से वार कर दिया। हमले में आदित्य के चेहरे पर चोट आयी। और मेरी गाडी नं. स्क्व07ङ्क9944 को लाठी डंडो से क्षतिग्रस्त कर दिया गया और हम लोगों की आवाज सुनकर टोलकर्मियों व अन्य लोगों को आता देख मारपीट कर रहे युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। सोमवार को पीड़ित आदित्य ने थाना सैंया पहुंचकर घटना की जानकारी दी। एसएचओ उपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित युवक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित कार सवारों ने थाना सैंया में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जीवाजी विश्वविद्यालय में प्रो.आरआर दास मेमोरियल व्याख्यान कल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान अध्ययनशाला के आर दास सेमिनार हाल में 12 मार्च मंगलवार को प्रो.आरआर दास मेमोरियल व्याख्यान व नवागत कुलगुरू का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। एमिटी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.राजेश एस तोमर द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार और भारतीय ज्ञान प्रणाली॰ पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक आईपीआर व्यवस्थाओं के बीच अंतरसंबंध की खोज विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। वहीं अध्यक्षता जेयू के कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रो.आरआर दास पदक भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी वनस्पति विज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र कुमार गुप्ता ने दी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**भिंड।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह अयोजित किया गया। जिसमें 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ-साथ मुख्य अतिथि के रूप में गीता सिकरवार (उप निरीक्षक ङ्क म.प्र. पुलिस), संध्या मौर्य (कांस्टेबल- म.प्र. पुलिस), ऋचा अग्रवाल (सहायक प्रबंधक- मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक), अंशु राजावत (कैशियर-मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक), श्री प्रताप सिंह (एल.डी.एम), श्री आशीष श्रीवास्तव (डी.डी.एम-नाबार्ड) शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन कर महिला दिवस कार्यक्रम की शुरुवात की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में गीता सिकरवार (उप निरीक्षक ङ्क म.प्र. पुलिस), संध्या मौर्य (कांस्टेबल- म.प्र. पुलिस) द्वारा महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि में आप जैसी ही हूँ उन्होंने कहा कि आप को किसी भी प्रकार की परेशानी आये और पुलिस सहायता की आवश्यकता हो आप बेझिजक मेरे पास आ सकती है और मैं भरोसा दिलाती हूँ में आपका पूर्ण सहयोग करुँगी यह सुनकर सभी महिलाये गर्वान्वित हुई। इसी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में ऋचा अग्रवाल (सहायक प्रबंधक- मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक), अंशु राजावत (कैशियर-मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक) से उपस्थित हुई जिन्होंने बैंक से सम्बंधित जानकारी दी और किसी भी परेशानी में उनसे मिलने के लिए कहा और श्री प्रताप सिंह (एल.डी.एम) द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों को देखा और उपस्थित समूह की सभी महिलाओं को इसी तरह के कार्य करने के लिए लखपति दीदी योजना के बारे में बताया की सभी महिलाएं बैंक से ऋण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर सकती है, अंत में श्री आशीष श्रीवास्तव (डी.डी.एम-नाबार्ड) द्वारा महिलाओं के लिए और अन्य विकासशील कार्यों के लिए चलाई जा रही नाबार्ड की विभिन्न योजनाओ की जानकारी प्रदान की जिसमे अनुदान के माध्यम से महिलाएं स्वयं का रोजगार संचालित कर सकती है।

गीता सिकरवार (उप निरीक्षक ङ्क म.प्र. पुलिस), संध्या मौर्य (कांस्टेबल- म.प्र. पुलिस), ऋचा अग्रवाल (सहायक प्रबंधक- मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक), अंशु राजावत (कैशियर-मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक), श्री प्रताप सिंह (एल.डी.एम) एवं स्वयं सहायता की 100 से अधिक कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को उपहार देकर सम्मनित किया गया।

## तेल मिल एवं खाद-बीज विक्रय केंद्र उद्घाटन समारोह

दैनिक केसरिया हिदुस्तान

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सहयोग से अराइज एवं ऐ-वे फाउंडेशन समिति द्वारा विकासखंड मुरार जिला ग्वालियर में अचलेश्वर महादेव कृषक उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित (कृषक उत्पादक संगठन) संचालित किया जा रहा है, जिसमे किसानो की संख्या 750 से अधिक हो चुकी है, यहाँ मुख्य रुप से सरसों एवं गेहूं का उत्पादन किया जाता है सरसों के उत्पादन से विक्रय के द्वारा किसानो को उतना मुनाफा नहीं मिल पाता जितना मिलना चाहिए

# राम आयेंगे तो अंगना सजायेंगे पांडाल में गूंजती रही आवाज, थिरकने लगे भक्तगण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह।** जयश्वर महादेव मेले में नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा ऐतिहासिक मेला का प्रतिवर्ष की भांति आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें सोमवार की रात भजनों की धूम रही लोकप्रिय हरि बोल रॉक बैंड देहली ने अपने भजनों के माध्यम से खूबसूरत समां बांधा और हर किसी को भक्तिमय होकर झूमने पर मजबूर कर दिया अपने भजनों से लोगों का मन मोह लिया। नगर पालिका परिषद अम्बाह की अध्यक्ष श्रीमती अंजली जिनेश जैन , श्री शारिब कौशर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंबाह, ब्रजेश अशोक कपासिया पार्षद अवधेश राठौर समस्त पार्षदगण समस्त नगर पालिका परिषद अंबाह के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पुष्प माला से हरि बोल रॉक बैंड का स्वागत किया गया। हरि बोल रॉक बैंड द्वारा मेरा आपकी कृपा से हर काम हो रहा है, वो कृष्ण है , राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे , जैसे भजनों की कर्ण प्रिय प्रस्तुति दी ओर वहां मौजूद लोगों ने वृंदावन की फूलों की होली का आनंद लिया जिसमें विशाल पुष्प वर्षा की गई और लोगों को अपने भजनों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया अंत मैं हरे राम हरे कृष्णा भजन से समापन किया लगभग 03 घंटे तक चले कार्यक्रम का श्रोताओं ने पूरा लुत्फ उठाया।



# देश की आधी आबादी को मजबूत करने के लिए भाजपा मैदान में डटी हुई है : जयप्रकाश राजौरिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत करने के लिए दी जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में विस्तार से समझाते हुए कहा कि भाजपा सदैव मातृशक्ति के लिए कार्य करती रही है और आगे भी देश की आधी आबादी को मजबूत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी मैदान में डटी हुई है। उक्त बात जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने मंगलवार को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिला वित्तीय सशक्तिकरण के अंतर्गत लाभार्थी बहनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया ने वित्तीय सहायता प्राप्त बहनें श्रीमती सबा रहमान, सरला सक्सेना, फरजाना खान, प्रीति कुशवाहा, मुन्नी कुशवाहा, ममता शिंदे, कौशल्या कुशवाहा, सावित्री कुशवाहा, राखी जाधव, वंदना खटीक एवं सुमन परिहार का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, जिला प्रभारी श्री उपेंद्र बैस, श्री विनोद शर्मा, श्रीमती मंजू सिकरवार, श्रीमती खुशबू गुप्ता, जिला महामंत्री द्वय डॉ करुणा सक्सेना एवं श्रीमती किरणलता भदौरिया, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्रीमती लता सिंह, श्रीमती उषा चौहान, श्रीमती रुचिका श्रीवास्तव सहित महिला मोर्चा ग्वालियर की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संयोजन स्वाति अग्रवाल एवं शिल्पा खत्री ने किया।

# सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने की सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों की प्रतिदिन समीक्षा करें और उनका निराकरण समय-सीमा में संतुष्टि के साथ करें। किसी भी विभाग में सीएम हैल्पलाइन की शिकायत को नॉन अटेंड पाया गया तो एल-1 अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को जिन विभागों की सीएम हैल्पलाइन अधिक संख्या में लंबित हैं, उनकी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा बैठक में एडीएम श्री टी एन सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अधिकारियों से कहा है कि सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर विभागीय अधिकारी ऑफिस पहुँचकर सबसे पहले सीएम हैल्पलाइन को चैक करे और जो भी प्रकरण हैं उनका समय-सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि आवश्यकता हो तो शिकायतकर्ता से दूरभाष पर भी चर्चा करें। जिन शिकायतों का निराकरण तत्परता से संभव नहीं हो, उनमें कारण सहित वेबसाइट पर अंकित किया जाए। किसी भी स्थिति में शिकायत के संबंध में कोई भी कार्रवाई न करना नहीं पाया जाना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विभागवार सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सांसद ने ऐतिहासिक धरोहर घोघरा, माड़ा और चंदरेह को संरक्षित करने हेतु लोकसभा में उठाया मुद्दा

## बघवार स्टेशन तक पहुंची ट्रेन, अंचल में हर्ष व्याप्त




**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान ऐतिहासिक व प्राचीन चंदरेह शिव मंदिर, विद्वान बीरबल की जन्मस्थली मॉ चंडी धाम घोघरा व माड़ा की गुफाओं को विकसित करने के संबंध में प्रश्न उठाया। जिसका केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा लोकसभा में उत्तर देते हुए कहा कि रा'य सरकार या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा सुझाव आने पर निश्चित रूप से इन ऐतिहासिक धरोहर को भारतीय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में शामिल किया जाएगा।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि अकबर के नवरत्नों में से एक बीरबल की अधिष्ठात्री देवी घोघरा माता, अनेक प्रकार की कलाकृतियां को अपने अंदर संजोए हुए प्राचीन माड़ा की गुफाएं और दसवीं शताब्दी में निर्मित चंदह का प्राचीन मंदिर अपनी अलौकिक दिव्यता और सिद्धता के लिए अचल में प्रसिद्ध है। इन सभी को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सूची में शामिल करने के लिए मैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर, तीनो स्थानों को विकसित करने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के लिए निवेदन करूंगा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि इन क्षेत्रों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में शामिल होने से जहां एक ओर इन क्षेत्रों का विकास होगा वहीं दूसरी ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**सड़क दुर्घटना मैं घायल हुए लोगों के प्रति सांसद ने जताई संवेदना :-**

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कुबरी क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की वही घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के सभी अधिकारी और कर्मचारी जिला प्रशासन से लगातार बात करते हुए घायलों को समुचित और पर्याप्त इलाज देने की के लिए निर्देशित किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधी जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### सीमा में हुआ ट्रेन का सफलतापूर्वक ट्रायल -




लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सीधी सीमा में रीवा से बघवार तक ट्रेन के सफलता पूर्वक ट्रायल हेतु क्षेत्र वासियों और रेल विभाग को बधाई देते हुए कहा है कि निश्चित रूप से हम कुछ महीनो में ही सीधी तक ट्रेन आने का सपना पूर्ण करेंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित पूरा रेल का प्रशासनिक अमला सीधी जिले को अति शीघ्र ट्रेन मिलेए इसके लिए 24 घंटे मेहनत कर रहा है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चला अभियान

## व्हीआईपी नम्बर प्लेट, अनधिकृत सायरन हूटर लगाये 65 वाहन चालको के कटे चालान







हलचल खबर का असर

**सीधी।** एक बार फिर आमजनो की समस्याओं को संजीव मिश्रा की कलम से प्रमुखता के साथ प्रकाशित करते हुए जिले में अनाधिकृत हूटर सायरन, अनुचित नम्बर प्लेट, यातायात नियमों की अवहेलना पर विगत दिवस समाचार माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया। जहॉ जिले के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक ने सत्यता की जॉख परख के बाद सीधी पुलिस को उचित विधिक त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किये। जहॉ पुलिस द्वारा औचक निरीक्षण कर क्षेत्र से 65 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी है। उक्त कार्रवाई से आमजनो ने पुलिस परिवार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी यातायात श्रीमती रीता त्रिपाठी के नेतृत्व में सीधी पुलिस नें यातायात नियमों की अवहेलना करने वालो पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। मोटरव्हीकल एक्ट के तहत गलत नंबर प्लेट, अवैध सायरन, हूटर तथा अनधिकृत रूप से लाल पीली एवं नीली बत्ती रंगबिरंगी बत्तियों का उपयोग करने वाले वाहनों एवं नियम विरुद्ध स्टीकर हटाने हेतु थाना प्रभारी थाना यातायात द्वारा मय हमराह स्टाफ के शहर के विभिन्न जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें वाहनों पर अवैध सायरनध्हूटर लगाने पर 4 व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई कर सायरन हूटर निकलवाया गया, वीआईपी नंबर प्लेट लगाने पर व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई कर नंबर प्लेट निकलवाया गया, वाहन पर गलत ढंग से नंबर प्लेट लगाने अथवा नंबर प्लेट न होने पर 54 व्यक्तियों एवं वाहन में रंग बिरंगी लाल पीली नीली बत्ती लगाने पर 4 व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई कर रंग विरंगी बत्ती निकलवाई जाकर चालानी कार्रवाई की गई है। एवं नियमों को अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई जारी है।

**इनका कहना है :-**

यातायात नियम सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सुगम एवं सुरक्षित यात्रा हेतु बनाये गए हैं, जिसका सभी को पालन करना चाहिए, यातायात नियमों का पालन करवाने हेतु सीधी पुलिस प्रतिबद्ध है।

**डॉ.रविन्द्र वर्मा, पुलिस अधीक्षक सीधी**

### रासेयो के स्वयंसेवकों ने रा'य स्तरीय प्रशिक्षण में सहभागिता दर्ज की

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उ'च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक में 2 से 8 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश रा'य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर/सम्मेलन मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा, थीम पर आयोजित हुआ। उक्त शिविर में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के निर्देशन में चार स्वयंसेवक शिवम पांडे बी.ए. द्वितीय वर्ष, रिया द्विवेदी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, आंचल तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष, शिवानी गुप्ता द्वितीय वर्ष ने सहभागिता दर्ज की।

# बालक-बालिकाओं को संस्कारित करने की आवश्यकता : डॉ. श्वेता सिंह



**सीधी।** जागरण स्वदेशी जागरण मंच एवं अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के संयुक्त तत्वाधान के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस उ'च विश्राम गृह सीधी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. श्वेता सिंह जिला कमिश्नर स्काउट एवं गाइड अध्यक्ष श्रीमती सुजाता मिश्रा एड. प्रदेश कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत, विशिष्ट अतिथि आशुतोष गुप्ता एड. अध्यक्ष भारत स्वाभिमान न्यास, प्रमोद कुमार मिश्र एड. संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत ने दीप प्र'वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात् अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत गीत श्रीमती अजीता द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथियों के उद्बोधन में डॉ श्वेता सिंह ने कहा कि संस्कारित बालक.बालिकाए सुनहरे राष्ट्र के नींव हैं, आत्म निर्भर बनकर परिवार, समाज को मजबूत करें। एड.आशुतोष गुप्ता ने कहा कि शिक्षित बेटियाँ परिवार, समाज, राष्ट्र का कुशल नेतृत्व कर रहीं हैं। एड.प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि महिलायें भारतीय परम्परा स्वदेशी, सामग्री सनातनी रीति.रिवाजों, सांस्कृतिक मान्यताओं के साथ साथ चांद में पहुँचकर राष्ट्र को गौरवान्वित कर रही हैं। श्रीमती सुजाता मिश्रा एड. ने कहा कि परिवार रूपी संरचना को और सशक्त करने की आवश्यकता है। बालिकाएँ योग.प्राणायाम से जुड़कर सामाजिक बुराईयों से सर्तक रहें। कु.आर्या शुक्ला एवं सुष्मिता पाण्डेय एड. जिला महिला सह प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी वस्त एवं महिलाओं के कैरियर के सम्बन्ध में विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन एस.डी. शुक्ला सह संयोजक एवं श्रीमती पुष्पा सिंह ने किया। आभार एड.सरोज शर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. हरिविलास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति श्रीमती श्रद्धा सिंह शासकीय अधिवक्ता, श्रीमती निशा मिश्रा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्रीमती उर्मिला द्विवेदी, सुरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, एड. बी.के. शुक्ला, एड.यज्ञ प्रकाश तिवारी, एड. उषा सिंह, प्रतिमा शुक्ला, कल्पना सिंह, प्रियंका शुक्ला, गायत्री मिश्र, प्रज्ञा सिंह, प्रमोद शुक्ला, रतना पटेल, उमा शुक्ला एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

# साप्ताहिक जनसुनवाई संपन्न : पुलिस अधीक्षक नें पचासों शिकायतकर्ताओं की सुनी वेदना, यथाशीघ्र निराकरण के लिये किया आदेशित




**सीधी।** आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक शिकायतकर्ता अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें घरेलू एवं जमीन सम्बंधी विवाद से सम्बंधित थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक सुशीला वर्मा, थाना प्रभारी अजाक आर एल साकेत, थाना प्रभारी जमोडी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं कार्यालयीन स्टॉफपुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

### वन संसाधनों के सतत प्रबंधन पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**सीधी।** वन विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री वन धन केंद्र नौड़िया सीधी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन संसाधनों के सतत प्रबंधन और टिकाऊ कटाई प्रथाओं पर चर्चा की गई। आईएलआरटी भोपाल के डॉ. दिनेश यादव ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और वन संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने महुआ, कटहल और बांस की टिकाऊ कटाई की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे दीर्घकालिक रूप से स्थानीय समुदाय को लाभ मिल सके।

# अलंकरण समारोह में पंकज के कंधे पर लगे सितारे, हर्ष का महौल




**सीधी।** वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष पंकज पाण्डेय वनपाल के पदोन्नति के अवसर पर मंगलवार को रीवा जोन कार्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जहॉ सीसीएफ रीवा राजेश कुमार रॉय, डीएफओ लोकेश निरापुरे द्वारा पंकज के डिप्टी रेंजर बनने पर उनके कंधे पर दो सितारे लगा कर उा पद भार सौंपा है, इस दौरान वन विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें। पंकज पाण्डेय के डिप्टी रेंजर बनने पर वन कर्मचारी संघ एवम अकिधारी कर्मचारियों में हर्ष, उत्साह का महौल निर्मित हो चला सभी ने श्री पाण्डेय को शुभकामनायें प्रेषित की वहीं श्री पाण्डेय ने सभी के प्रति हृदय से साधुवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मिले दायित्व का भली भॉति सदैव पालन करूंगा। पंकज मिश्रा वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि गोपद बनास क्षेत्र के पूर्व विधायक रामखेलवान पाण्डेय के नाती पंकज पाण्डेय हैं, जो मेहनत ईमानदारी लगन के बदौलत लगातार उन्नति प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर के 100 मीटर परिधि का क्षेत्र कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सीधी के 100 मीटर परिधि का क्षेत्र कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (साइलेंस जोन) घोषित किया है। जारी आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सीधी के 100 मीटर परिधि के क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर निषेधाज्ञा प्रसारित की गई है कि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आंदोलन, घेराव, नारेबाजी, मसाल का प्रदर्शन तथा सोशल ऐप्स जैसे फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर, व्हाट्सएप् आदि का उपयोग कर आपत्तिजनक मैसेज, चित्र या चलचित्र का शेयर या फारवार्डिंग नहीं करेगा। साथ ही वाद्य संगीत, ढोल साउण्डबाक्स, डी.जे. आदि का उपयोग नहीं करेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 202× की धारा 16×(2) के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा–22× के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 10 मार्च 2025 से दिनांक 08 मई 2025 तक प्रभावशील रहेगी।

### गुमशुदा किशोरी को बहरी पुलिस नें खोज कर कर किया परिजनों को सुपुर्द

**सीधी।** बहरी पुलिस नें गुमशुदा नाबालिक किशोरी को × दिवस के अंदर ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया कि थाना बहरी अंतर्गत निवासी एक व्यक्ति नें थाना बहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक लड़की घर से बिना बताये कहीं चली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बहरी में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था एवं गुमशुदा किशोरी की पता तलाश की जा रही थी जाँच के दौरान पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बहरी पुलिस द्वारा अपृहता को सीधी से दस्तयाब कर वापस थाना बहरी लाकर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनो के सुपुर्द किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस के निर्देशन में सउनि सोहागवती सिंह, पिंकी दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# स्व. ओम प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर गीता स्वाध्याय का आयोजन

**भिंड।** संस्कृत साहित्य के देदीप्यमान नक्षत्र मध्य प्रदेश के एकमात्र संस्कृत परिवार के मुखिया स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम मंडल भिंड द्वारा गीता स्वाध्याय का आयोजन निज निवास कुशवाह कॉलोनी में किया गया कार्यक्रम की शुरुआत श्री कृष्ण भगवान एवं स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा जी के चित्र पर मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया द्य वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल शर्मा व भानु श्रीवास्तव द्वारा ओमप्रकाश शर्मा जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विचार प्रकट किए गए सेवा निवृत्त नायब तहसीलदार श्री प्रदीप ऋषिस्वर जी द्वारा श्री शर्मा जी के साथ पारिवारिक एवं साहित्य संबंधी पलो को ताजा कर दिया सेवानिवृत्त वरिष्ठ राना व्याख्याता श्री आर एन तिवारी द्वारा उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ विचारों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की इसी कड़ी में रामकुमार पांडे रघुराज देपुरिया रामधन त्रिपाठी एवं के पी कटारे जी आदि के द्वारा ओमप्रकाश शर्मा जी के साथ बताएं पलो को व्यक्त किया विष्णु कुमार शर्मा के द्वारा स्वाध्याय पत्र को पढ़ने के



बाद श्री रामधन त्रिपाठी द्वारा गीता पर अपने विचारों को प्रकट किया मुख्य वक्ता श्री रघुराज देपुरिया द्वारा ज्ञान एवं भक्ति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया उन्होंने बताया कि ईश्वर का जो स्वभाव है वही वास्तविक धर्म है ईश्वरी धर्म से विश्वास होता है यह भी बताया कि सतयुग के धर्म का आचरण कलयुग में नहीं हो सकता साथ ही स्पष्ट किया कि बिना दिव्य चक्षु के रामचरितमानस या गीता कोई भी ग्रंथ समझ में नहीं आ सकता द्य इनको समझाने के लिए तत्वदर्शी गुरु के सानिध्य की सहायता से ही समझ सकते हैं शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य एवं भागवत आचार्य श्री अवध बिहारी शर्मा जी ने अपनी रस युक्त वाणी में कहा कि भगवान की कथा समस्त दुखों को दूर करती है द्य सत्संग से मनुष्य को सच्चा विश्राम मिलता है अन्यथा शरीर धारी मनुष्य को मनुष्य को विश्राम नहीं मिलता अंत में गीता जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण के कार्यक्रम की समाप्ति हुई के कार्यक्रम की समाप्ति हुई इसअवसर पर जे एन पाठक, दिनेश तिवारी, शैलेश सक्सेना, दुर्गा दत्त शर्मा, रामराज वर्मा, मानसिंह यादव, राम आसरे शर्मा, के जी तिवारी, महेंद्र शर्मा, नीतू तोमर, राजेंद्र भदोरिया आदि उपस्थित रहे।

# राज्य कर्मचारी संघ के पी पी झा बने औबेदुल्लागंज ब्लॉक अध्यक्ष

वैभव जैन

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ विकासखंड ओबैदुल्ला गंज के निर्वाचन कार्य हेतु श्री मान सिंह लोधी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं श्री जगदीश प्रसाद शाक्या जिला संयोजक के निर्देशानुसार विकासखंड औबेदुल्लागंज का निर्वाचन सह निर्वाचन अधिकारी श्री जेपी मिश्रा पूर्व उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ रायसेन द्वारा संपन्न कराया गया । जिसमें श्री पी पी झा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किए गए ,, वही श्री हेमंत



गुप्ता पीडब्ल्यूडी सचिव ,, श्री के एल शर्मा स्वास्थ्य विभाग कोषाध्यक्ष ,, श्री अजय गुप्ता पीडब्ल्यूडी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,, श्री राकेश दुबे शिक्षा उपाध्यक्ष,, श्री एच एच मोहनिया शिक्षा संगठन मंत्री,, एवं श्री चंदन सिंह राजपूत कृषि मंडी बोर्ड वरिष्ठ सदस्य निर्वाचित किए गए ,, निर्वाचन कार्यक्रम के अवसर पर श्री जेपी मिश्रा,, श्री राजेश गोयल,,श्री एच के हिनोतिया ,,श्री दिनेश मिश्रा,, करण सिंह,, अमर सिंह,, कुमारी भूमिका,,श्रीमती ज्योति राय,, मोहित,,अंकित आदि सहित कई कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

## आगामी त्योहारों के मुद्देनजर शांति समिति की बैठक सडावता ग्राम पंचायत भवन में सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ, देवीलाल कुशवाहा राजगढ़

ग्राम पंचायत भवन संडावता में मंगलवार को होली,दुलंडी रंग पंचमी, जुमा, ईद , गुड़ी पड़वा नवरात्रि आदि त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक पंचायत भवन में बैठक आयोजित हुई जिसमें थाना प्रभारी सुनील केवट ,चौकी प्रभारी काशीराम मीणा ने , नायब तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा की उपस्थिति में संपन्न हुई आपसी समाजस्य मिनिमम साउंड में गैर निकालने सहित आदि विषयों पर चर्चा हुई इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता कैलाशचंद्र टेलर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामलाल खटक , हम आपसे भी सरपंच प्रतिनिधि समाज सेवी अमित पालीवाल , पत्रकार देवीलाल कुशवाह,भाजपा नेता यशवंत मोरे सदर शरीफ भाई, मुकीम खा, युनूस मंसूरी, सहित पत्रकार बंधु, जन प्रतिनिधि, ग्रामीण जन आदि उपस्थित रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई लटेरी की बैठक सम्पन्न

**लटेरी जिला कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पंथी एवं इकाई अध्यक्ष मुजीब खान को नवीन पदभार संभालने की दी शुभकामनाएं**

केसरिया हिंदुस्तान से संवाददाता शान खान लटेरी

**लटेरी ।** रविवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई की बैठक पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। उक्त बैठक में मुरैना अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में पत्रकार साथियों कि उपस्थिति हो एवं तहसील इकाई अध्यक्ष के संबंध में भी जिला अध्यक्ष नरेंद्र भदोरिया ने चर्चा की ओर सभी ने सर्व सहमति से लटेरी इकाई की सदस्यों की नियुक्ति का समर्थन किया इसके बाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पंथी ने बताया कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की रीति नीति और पत्रकारों के हितों के लिए इसी तरह काम करते रहें उन्होंने बैंठको संबोधित करते हुए कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा हर एक पत्रकार की चिंता करता है हमारे प्रांतीय अध्यक्ष सलभ भदोरिया पत्रकारों के हित के लिए कार्य करते हैं। सरकार द्वारा हमारी कई मांगे पूर्ण हुई है जो मांगे बची है उनको भी पूर्ण करवाने के लिए संघ कार्य कर रहा है एकता में ही बड़ी ताकत होती है। हम सबको मिलकर अधिवेशन में शामिल होना है पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो पत्रकारों के लिए कॉलोनी की सुविधाएं मिले 5 लाख तक का बीमा तहसील के पत्रकारों को भी मिले इसके अलावा टोल नाकों पर मध्यपदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड मान हो उसका प्रयास भी संगठन कर रहा है

महासचिव हाकम रघुवंशी ने अधिवेशन के संदर्भ में बताया कि त्रैमासिक महादिवेशन मुरैना में हो रहा है इसमें साथियों की संख्या ज्यादा हो उसका प्रयास करें। कार्यकारी जिला अध्यक्ष योगेश पंथी ने कहा संगठित होकर हम अपनी बात को रखेंगे तो कोई भी सरकार हो उसको हमारी बात माननी होगी साथ ही तहसील स्तर के पत्रकारों को भी शासन से सुविधा मिले उसके संबंध में विचार रखें इसके अलावा अधिवेशन में साथियों उपस्थित अच्छी होगी इसका भरोसा भी दिया जगदीश बाबू ने कहा कि संगठन पूरी सफलता से पत्रकारों हितों के लिए काम करता है हम इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगे लटेरी इकाई के अध्यक्ष मुजीव खान ने कहा कि मध्यपदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बहुत पुराना संगठन है पत्रकारों के लिए हमेशा सक्रिय होकर कार्यकर्ता है अधिवेशन में अच्छी उपस्थितियों का इसका हम प्रयास करेंगे जिला उपाध्यक्ष रवि चौरसिया तथा बासौदा इकाई अध्यक्ष अभिनव ने भी अधिवेशन के संबंध मैं विस्तार से बताया संचालन शानमिया किया आभार योगेंद्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया इस दौरान विनोद सूर्यवंशी आकाश सोनी राकेश साहू राजेश भास्कर नितिन शर्मा घनश्याम पंथी हलीम खान मुनव्वर खान शफीक खान रामराज इत्यादी उपस्थित रहे

# राष्ट्रीय विज्ञान पाँच दिवसीय विज्ञान सप्ताह की कार्यशाला का हुआ समापन, साथ बच्चों पुष्पमाला पहना कर किया पुरसकृत

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित विज्ञान सप्ताह के समापन कार्यशाला का आयोजन करउज्जैन जिले के संस्कार कॉन्वेंट स्कूल घटिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार दुबे (क्लस्टर अकादमी कोऑर्डिनेटर विज्ञान) एवं मीडिया प्रभारी ताहिर मंसूरी थे। इन्होंने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को विज्ञान से होने वाले लाभ एवं विज्ञान से हमारी जीवन शैली किस प्रकार




सरल हो सकती है इस पर व्याख्यान दिया। स्कूल प्राचार्य श्री रविंद्र सिंह पंवार (रालामंडल) ने विस्तारपूर्वक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व बताते हुए अतिथि परिचय दिया। विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस अवसर पर शील्ड ,प्रमाण पत्र दे कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्राचार्य श्री पंवार द्वारा किया गया एवं आभार कुमारी सबिहा नाज द्वारा माना गया।

# आरएनआर एस्ट्रो टर्फ मैदान पर समाजसेवी स्व. केवलचंद जी तांतेड़ की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** आरएनआर एस्ट्रो टर्फ मैदान पर समाजसेवी स्व. केवलचंद जी तांतेड़ की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक डॉ.ऋत्विक रांका और नैंसी रांका ने बताया कि प्रतियोगिता में सनावद,बड़वाह और बेड़िया की 8 टीमों ने भाग लिया। प्रारंभ में खिलाड़ियों का परिचय डॉ.सुरेश रांका ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता सेवन लीजेंड क्रिकेट क्लब बड़वाह एवं उप विजेता एसीए क्रिकेट क्लब बड़वाह रहा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बालकिशन माहेश्वरी एवं विशेष अतिथि समाजसेवी विमला रांका ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। विजेता टीम के




कप्तान अमनदीपसिंह संधू को 21 हजार रु तथा उप विजेता टीम के कप्तान विनय सोलंकी को 11 हजार रु का पुरस्कार एवं खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान की गई। प्रतियोगिता के मेन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बॉलर का खिताब आल राउंडर कृष्णा राठौड़ बड़वाह तथा बेस्ट बैटर का खिताब शांतनु तिवारी बड़वाह को दिया गया। प्रतियोगिता के अंपायर डॉ.ऋत्विक रांका,आदित्य जाधम, स्कोरर सुनील पुरोहित, कमेंट्रटर डॉ.कमलेश चौधरी,आशुतोष खेड़े और प्रमोदित पुरोहित थे। विशेष अतिथि समाजसेवी श्याम माहेश्वरी ने बताया कि नगर से तीन किमी दूर इंदौर रोड पर स्थित आरएनआर टर्फ खेल मैदान में आसपास के नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी उम्र के खिलाड़ियों द्वारा नियमित रूप से क्रिकेट और फुटबॉल खेला जाता है। इस दौरान समाजसेवी प्रांजल भावसार,सुनील पुरोहित और पिंटू सेन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट जीईटी कॉर्डिनेटर लायन अनिता भागचंद जैन को गेट वाइस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल ने ग्लोबल एक्शन टीम ऑनर के सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएशन अवार्ड से सम्मानित किया

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट जीईटी कॉर्डिनेटर लायन अनिता भागचंद जैन को गेट वाइस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल ने ग्लोबल एक्शन टीम ऑनर के सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएशन अवार्ड से सम्मानित किया।इस अवसर पर मित्तल ने कहा कि जैन ने लायनवाद के आदर्शों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, नारी स्वावलंबन, हरीतिमा



वृद्धि, जरूरतमंदों की सहायता जैसे सराहनीय सेवा कार्य किए हैं। जैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सेवा कार्यों की प्रेरणा मित्तल सर से मिलती है। शीत ऋतु में हजारों गरीबों को कंबल वितरण के लिए मित्तल सर का नाम गिनीज बुक में दर्ज किया गया है। जैन ने कहा कि मित्तल सर के मार्गदर्शन में सेवा गतिविधियों के माध्यम से लायंस क्लब को लोकप्रियता के शिखर पर लाएंगे। उल्लेखनीय है कि जैन को उनकी सक्रियता और सेवा गतिविधियों के लिए डिस्ट्रिक्ट की डायमंड रीजन चेयर पर्सन के अवार्ड से भी नवाजा गया है। जैन की उपलब्धि पर रीजन चेयर पर्सन प्रियंका गुजराती, झोन चेयर पर्सन जाकिर हुसैन अमी, ला.रजनीश जैन ,ला.डॉ.श्वेता पंचोलिया, ला.डॉ.राहुल स्वस्तिक, ला.पंकज जटाले, राजेश जाटले, ला.भागचंद जैन,ला.माया मंडलोई,ला.अनिल अरझरे, महेश चौहान चौहान ललिता कोचर हितेश जैन सुधा लाठियां रेणुका गुप्ता विपिन गुप्ता ला.विजय राठौर,ला.सीएस मंडलोई,भारती परिहार ज्योति चौहान ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं नवकार सेवा ग्रुप की सातवीं वर्षगांठ पर फाग महोत्सव का आयोजन हुआ

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** नवकार सेवा संस्थान परिवार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं नवकार सेवा ग्रुप की सातवीं वर्षगांठ पर फाग महोत्सव एवं महा मंगलकारी उपाध्याय तप के तपस्वी के बहुमान के साथ एक पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप के सभी सदस्यों ने बहुत ही बढ़-चढ़कर भाग लिया। तपस्वी के अनुमोदन के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। बहुत ही सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिसमें मीता बाठिया, आरती बाठिया, शिरोमणि मेहता, सोनाली कोचर, नन्ही बालिका रिदम कोचर, अनीता चोपड़ा, संगीता चोपड़ा, कविता लुणावत, प्रियंका ओस्तवाल, चंदनबाला बच्छावत ,संगीता मोदी की उपस्थिति रही।



हास्य रस कविताओं में सभी की शानदार प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोदी द्वारा किया गया। आभार श्रीमती अनीता चोपड़ा द्वारा माना गया। जानकारी मीडिया प्रभारी सीमा चोपड़ा द्वारा दी गई।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन

कामता पटेल की रिपोर्ट, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में आगामी होली पर्व एवं रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सिवनी जिले के समस्त थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही है उसी तारतम्य में आज दिनांक 11/3/2025 को सिवनी जिले के आदेगांव थाना प्रभारी श्रीमति पूजा चौकसे के नेतृत्व में थाना परिसर आदेगांव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी श्रीमति पूजा चौकसे सहित,स्ध जीवन सूर्यवंशी,स्ध रजनीकांत दुबे,स्ध राजेश सक्सेना सहित समस्त थाना स्टॉप एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु सहित शांति समिति के सदस्यों की रही उपस्थिति




बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी श्रीमति पूजा चौकसे द्वारा आगामी त्योहारों होली, धुरेड़ी रंगपंचमी, रमजान ईद को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक सौहाद्र,एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने क्षेत्र वासियों से की गई अपील।

# ग्राम पंचायत सातकुंड के निर्माण कार्यों की जांच कराने सोनारे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया आवेदन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा 9425623908

**बैतूल।** आठनेर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सातकुंड मे ग्राम पंचायत के सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से लाखों रुपए की राशि गबन की गई ग्राम पंचायत में विकास निर्माण कार्य के नाम पर सीसी रोड निर्माण कार्य नंदू के मकान से पोलाजी के मकान तक निर्माण कार्य नही किया गया है जो कि पूर्व में टिल्लू के मकान से किसन के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य कराया गया था जिस पर पुन: सीसी रोड निर्माण कार्य दर्शाकर राशि गबन की गई है, सीसी रोड निर्माण कार्य केशो के मकान से महादेव के मकान तक शून्य स्तर पर है निर्माण कार्य किए बिना राशि गबन की गई है उपयंत्री द्वारा ली गई जीपीएस फोटो एवम् मौके की जांच की जाए ग्राम पंचायत मे कराए गए पाईप लाईन विस्तार कार्य के स्टीमेट


प्रति,
श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जी
जनपद पंचायत आठनेर।
आवेदक :- अशोक सोनारे
विषय :- ग्राम पंचायत सातकुंड में कराए गए निर्माण कार्यों एवम् राशि भुगतान के बिलों की जांच कराने बाबत।
4.- ग्राम पंचायत में बनाई गई ग्राम चौपाल, सांस्कृतिक मंच एवम् चबूतरों की भी जांच की जाए।
5.- ग्राम पंचायत सातकुंड में विगत वर्ष 2020 से 2024 तक बनाए गए पुलिया निर्माण कार्यों की जांच की जाए।
दिनांक :- 24/02/2025 11/03/2025
आवेदक
अशोक सोनारे
मोबाइल :- 7354375476

एवम् कराए गए कार्य और भुगतान की गई राशि के बिलों की जांच की जाए, ग्राम पंचायत में बनाई गई ग्राम चौपाल, सांस्कृतिक मंच एवम् चबूतरों के निर्माण कार्य पूर्ण नही हुए है, ग्राम पंचायत सातकुंड में बनाए गए पुलिया निर्माण कार्यों की जांच होनी चाहिए आठनेर जनपद पंचायत के उपयंत्री निरंतर भ्रष्टाचार कर राशि गबन कर रहे है धरातल पर निर्माण कार्य शून्य स्तर पर होने पर भी सीसी जारी कर फर्जी वेंडरों के खाते मे राशि भुगतान की गई है जिसकी निष्पक्ष जांच कर पंचायत से राशि वसूली की कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# सोशल मीडिया पर वायरल, मंदिर के सामने ताण्डव करने वाला पहुंचा जेल

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**सिलवानी ।** मध्यप्रदेश में कट्टरपंथ तेजी से पैर पसार रहा है। हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथी सोच मुस्लिम युवाओं में कैसे फैल रही है सोशल मीडिया पर इस वीडियो को देख लीजिए। मध्य प्रदेश के रायसेन के सिलवानी का रहने वाला साजिद सोशल मीडिया पर सरेआम मंदिर के बाहर तलवार लहराते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर रहा है और हिंदुओं को चेतावनी दे रहा है इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं जो हिंदुओं पर राज करने की बात कह रहा है इसके वीडियो और इसके बोल बताते हैं कि इसके दिमाग में कट्टरपंथी विचारधारा का खून तेजी से दौड़ रहा है। सोशल मीडिया पर जैसे ही इसका वीडियो वायरल हुआ और लोगों ने देखा तो इसके खिलाफ हिंदुओं में आक्रोश पैदा हो गया और आनन फानन में सिलवानी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही साजिद के सुर बदल गए और हिंदुओं से गिड़गिड़ाकर माफी मांगता नजर आया। भोपाल क्राइम ब्रांच पुलिस ने साजिद के खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वीडियो इंस्टाग्राम पर डालने के आरोप में



सिलवानी पुलिस से हैंडोवर किया है। आरोपी का नाम साजिद मंसूरी पिता स्वर्गीय सुलेमान मंसूरी बगिया मोहल्ला वार्ड नंबर 1 मस्जिद के पास सिलवानी का रहने वाला है। साजिद ने मोहर्रम पर ये वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किए गये थे । यह आपत्तिजनक और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वीडियो सिलवानी में बनाए गए थे और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर प्रसारित किये गए थे। पुलिस जांच कर रही है कि साजिद किस कट्टरपंथी संगठन के संपर्क में था।

वही दूसरे वीडियो में हरे कपड़े पहनकर दो पिस्तौलों का प्रदर्शन कर रहा है। आरोपी की इंस्टाग्राम आईडी में दर्जनों वीडियो अपलोड किए थे जिनमें देश और हिन्दू विरोधी गतिविधियों को दर्शाया गया है। शिकायत होने पर आरोपी ने अपना सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट कर दिया है। वही क्राइम ब्रांच भोपाल पुलिस द्वारा आरोपी के विरूध्द धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रकरण पंजीबद्ध होने से क्राइम ब्रांच भोपाल पुलिस को सौंप दिया गया। टीआई जेपी त्रिपाठी ने बताया कि सिलवानी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर किया था और क्राइम ब्रांच भोपाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई है। वही पुलिस के समक्ष आरोपी गिड़गिड़ाकर सभी से माफी मांगने लगा।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई जन सुनवाई

प्रवीण गौतम दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मैहर।** आज दिनांक 11-03-25 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैंहर में पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए ।

# जनसुनवाई में सुनी गई 66 आवेदकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिये गये त्वरित निराकरण करने के निर्देश

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**खरगोन।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 11 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार आगास्या व श्री लोकेश छापरे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 66 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। जनसुनवाई में खरगोन विकासखण्ड के ग्राम पीपरी निवासी भूरेखा पिता फत्तु बीपीएल राशन कार्ड बनवाने एवं पेंशन दिलाने की मांग लेकर आया था। उसका कहना था कि उसके पास एपीएल राशन कार्ड है। जबकि वह पिछले 25 वर्षों से किराये के मकान में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। उसकी एवं पत्नि की आयु 60 वर्ष से अधिक हो चुकी है, बीपीएल राशन कार्ड नहीं होने से उसे आवास योजना और पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अतः उसे परिवार के गुजर-बसर के लिए शीघ्र पेंशन मंजूर की जाए। इस प्रकरण में जनपद पंचायत खरगोन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। खलघाट जिला धार की निवासी गीता बाई चौहान अपने पति की मृत्यु के बाद उनके वेतन से काटी



गई राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थी। गीता बाई का कहना था कि उसके पति स्व. कमल सिंह चौहान नगर परिषद मण्डलेश्वर दरोगों के पद पर कार्यरत थे। उनका 16 दिसंबर 2022 को निधन हो गया है। नगर परिषद द्वारा उनके वेतन से विभिन्न मदों में राशि काटी जाती थी। अतः पति के वेतन से काटी गई राशि उसे दिलाई जाए। इस प्रकरण में जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने कहा गया है। जनपद पंचायत खरगोन के ग्राम निमगुन का निवासी प्रकाश सेन आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आया था। प्रकाश का कहना था कि उसके द्वारा वर्ष 2011 से 2018 तक आवास योजना के लिए आवेदन किया गया है। लेकिन अब तक उसका नाम आवास सर्वे सूची में नहीं आया है। अतः इस प्रकरण की जांच कर उसे आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। जनपद पंचायत खरगोन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस प्रकरण की जांच करने कहा गया है। जनपद पंचायत गोगांवा के अंतर्गत ग्राम देवली निवासी युवक दिव्यांशु राठौर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग लेकर आया था। दिव्यांशु का कहना था कि कुछ माह पूर्व उसके बड़े भाई शुभम राठौड़ की मृत्यु हो गई है। उसकी पढ़ाई से लेकर घर का सारा आर्थिक बोझ शुभम ही उठाता था। परिवार का संबल कार्ड नहीं होने से उन्हें, इस योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। अतः उसे आगे की पढ़ाई करने एवं परिवार को आर्थिक मदद के लिए शासन से राशि दिलाई जाएं। जनपद पंचायत गोगांवा के सीईओ को इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है।

# महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को महिला सम्मान दिवस के रूप में मनाया



**सरदारपुर।** शनिवार 8 मार्च को जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को महिला सम्मान दिवस के रूप में सरदारपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत बालोदा में मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता धार ज़िला कांग्रेस की अध्यक्ष मैना मारू ने की। इस दौरान महिलाओं ने बैठक करके आपस में चर्चा की और एक दूसरे का फुल माला पहनाकर गुलाल लगाकर सम्मान किया । मैना मारू द्वारा मेहंदी के कोण वितरण किए गए । साथ ही कार्यक्रम में आए हुए सरपंच तुलसी बाई माथुर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका का महिला जिलाध्यक्ष मैना मारू ने महिला विकास संस्था से सम्मानित करने की घोषणा की । जिलाध्यक्ष मैना मारू ने महिलाओ को सबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं देश की राजनीति में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देश के सर्वोच्च पदो पर आसीन होंते हुए राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, सासंद, विधायक और अनेक पदो पर आसीन होते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। देश को आजादी दिलाने में हमारे देश की महिलाये कांग्रेस पार्टी से कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी जिसका परिणाम है कि आज महिलाओं को भी पुरुषों के समान समानता का दर्जा मिला है जिसका सबसे बढ़ा उदाहरण कांग्रेस की बनाई हुई पंचायती राज क़ानून है जिसमे महिलाओं को आरक्षण प्राप्त है।

**बैठक के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने पानी की समस्या रखी :-**

बैठक के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि महिला दिवस के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं थी उनके गावं में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन हुआ और सम्मान मिला । बैठक में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई तो बताया कि उनके गाँव में पानी की समस्या बहुत है पीने के पानी के लिए गाँव में प्राइवेट बोरिंग वालो से पानी मोल ख़रीदना पड़ता है. गाँव में नल जल योजना का सर्वे तो हुआ है पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है । समस्या से जूझ रही महिलाओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में हमें बहुत सी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।

**क्या कहते हैं मुखिया ? :-**

सरपंच तुलसी बाई माथुर ने माना कि महिलाओं की समस्या बेहद गंभीर है । इस क्षेत्र में नल जल योजना का सर्वे पूरा हो गया है और काम जल्द से जल्द शुरू करवा दूंगी साथ ही क्षेत्र के विधायक प्रताप ग्रेवाल से सम्पर्क कर समस्या का निदान करवाउंगी

**क्या कहती है महिला जिलाध्यक्ष ? :-**

महिलाओ की समस्या सुनी है पैसे देकर महिलाये पानी पी रही है में विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं जल जीवन मिशन विभाग को पत्र लिखकर समस्या अवगत करवाउंगी । समस्या का हाल नहीं होगा तो इस समस्या से संबंधित महिलाओं के आवेदन को सीधे प्रधानमंत्री तक भेजेंगे ।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना, समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

## जनसुनवाई में 77 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी**

शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में आज जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्री एचबी शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**जनसुनवाई में 77 आवेदनों पर सुनवाई के दौरान अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश :-**

जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 77 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण को हटाने, राशन वितरण, खाद्यान्न पर्ची, दिव्यांग व्हीलचेयर, आयुष्मान कार्ड, वेतन भुगतान, पेंशन, खाद्यान्न, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, राजस्व संबंधी, तरमीम, बँटवारा, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसडीएम निवाड़ी श्री अनुराग निंगवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेन्द्र मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा जैन, जिला प्रबंधक लोकसेवा श्री नितेश जैन, सीईओ जनपद पंचायत श्री ब्रह्म स्वरूप हंस, श्री विनोद जैन, आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव



**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में सोमवार को स्थानीय चमत्कारी हनुमान मंदिर में समिति की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा का फाग उत्सव मनाया गया। फूलों की बौछार के बीच महिलाओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। देर रात्रि तक महिलाओं ने सुन्दर व आकर्षक भजनों के साथ नाच गाकर फाग उत्सव का भरपूर आनन्द लिया। रंगारंग फाग उत्सव के इस आयोजन में बिट्टू तिवारी व ईविका सूर्यवंशी ने राधा कृष्ण बनकर सभी के मन को मोह लिया। अंत में आरती व प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# भक्त प्रहलाद की कथा से यह समझना चाहिए कि भक्त का कोई बाल भी बांका नहीं कर पाता है : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## होली के दिन कर्मों को जलाया जाए, यही सन्त मत की होली होती है



उज्जैन बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि पहले के समय में त्यौहारों पर लोग महात्माओं के आश्रमों पर जाते थे और समझते थे कि त्यौहार का मतलब क्या होता है? त्यौहार में क्या किया जाता है? और फिर जब उनके बताए अनुसार त्यौहार मनाते थे, तो पूरा लाभ मिलता था। होलिका दहन के दिन लोग होली जलाएंगे। भक्त प्रहलाद, हिरण्य कश्यप और होलिका की कथा से यह समझना चाहिए कि भक्त का कोई बाल भी बांका नहीं कर पाता है। और भक्त जब भक्ति करता है, तब कहते हैं भगवान का हाथ उसके पैरों के नीचे हुआ करता है, ताकि वो गिरने, लुढ़कने ना पावे, उसको कुछ लगने ना पावे। तो भगवान उसकी बराबर सम्भाल करता रहता है। तो भक्त कौन थे? प्रहलाद थे। प्रहलाद को कैसी कैसी यातना मिली, लेकिन बचते चले गए, और होलिका जो उसकी बहन थी, बोली हम वरदानी चुनरी ओढ कर के, प्रहलाद को गोदी में लेकर के अग्नि में बैठ जाएंगे और हम तो जलेंगे नहीं, प्रहलाद जल जाएंगे। अब प्रहलाद तो जले नहीं और वो जल करके खत्म हो गई। तो भक्त की हमेशा विजय होती है। आपको भी भक्ति सीखना चाहिए, भक्ति अपने अंदर लाना चाहिए।

**सतयुग के समय सब निष्कर्म थे :-**

सन्त मत की होली ये होती है कि होली के दिन कर्मों को जलाया जाए। कर्म बड़ी ही प्रमुख चीज है, यह हर मनुष्य के साथ लगा हुआ है। पहले जब इस सृष्टि की रचना हुई तब सतयुग था, तो उस समय पर सब निष्कर्म थे, कोई किसी भी प्रकार के कर्मों के चक्कर में नहीं था; ना ही अच्छा कर्म और ना बुरा कर्म, कर्म विहीन थे सब लोग। लेकिन बाद में कर्म बनाया, किसने बनाया? जिनका ये देश है (काल भगवान), जिन्होंने ये मनुष्य शरीर दिया है, जिन्होंने ये सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग बनाया है, उन्होंने ये कर्म बनाया। क्यों बनाया? क्योंकि कहा है सतयुग योगी सब विज्ञानी, करि हरि ध्यान तरहिं भव प्राणी तो सतयुग में ध्यान लगाते ही लोग पार हो जाते थे। उस समय मनुष्य की उम्र एक लाख वर्ष की होती थी, और उम्र जब पूरी होती थी तो सब लोग अपने घर, अपने देश, अपने मालिक (प्रभु) के पास, जहां से हम सब की जीवात्माएं आई हैं, वहां पहुंच जाते थे (जन्म - मरण से छुटकारा मिल जाता था)। और वहीं पहुंचने के लिए हम सबको ये मनुष्य शरीर मिला है। सन्त इस धरती पर हमेशा रहते हैं। गोस्वामी जी महाराज ने कहा कलियुग योग यज्ञ नहीं जाना, एक आधार नाम गुण गाना। नाम की डोर को पकड लो तो भवसागर से पार हो जाओगे। अब ये नाम मिलेगा कहां? तो गोस्वामी जी महाराज ने ये भी लिखा कि नाम रहा संतन आधीना, सन्त बिना कोई नाम ना चिन्हा तो बगैर सन्तों के नाम की पहचान नहीं होती है।

# मंडी पुलिस थाना पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल**





**शुजालपुर।** मंडी पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होली एवं रंग पंचमी के त्यौहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। एसडीओपी निमेश देशमुख ने कहा कि हमें आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ त्यौहार मनाना चाहिए, ताकि समाज में भाईचारे की भावना मजबूत हो। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार, प्रभारी तहसीलदार सुश्री शर्मा, थाना प्रभारी नर्मदा प्रसाद दायमा, उप निरीक्षक अंकित मुकाती साहित नगर के गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने आपसी सहयोग से त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सुझाव दिए। एसडीओपी और थाना प्रभारी ने नागरिकों से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की, ताकि समाज में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो।

# गुरुवार को होलिका दहन व शुक्रवार को शीतला सप्तमी

## ब्राह्मण व प्रजापति समाज ने बैठक कर लिया निर्णय



**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** सोमवार को नगर के सर्व ब्राह्मण समाज व सर्व प्रजापति समाज की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने आगामी होली एवं शीतला सप्तमी पूजन के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया। सभी समाज प्रमुखों ने एकमत होकर गुरुवार 13 मार्च को होलिका दहन तथा शुक्रवार 21 मार्च को शीतला सप्तमी मनाने का निर्णय लिया। पंडित विनय उपाध्याय ने बताया कि नगर में सार्वजनिक होलिका दहन का मुख्य आयोजन स्थानीय देवालय परिसर में गुरुवार को रात्रि साढ़े ग्यारह बजे किया जाएगा। इसके अलावा नगर में पांच से छः स्थानों पर होलिका का दहन किया जाएगा। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से शुक्रवार 21 मार्च को शीतला सप्तमी मनाई जाएगी। शीतला सप्तमी को लेकर प्रजापति समाज की ओर से व्यवस्थाएं की जा रही है।

# श्रीजी इंफ्रास्ट्रचर प्रायवेट लिमिटेड द्वारा बदवार - सीतापुर मुख्य मार्ग का निर्माण लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा

## निर्माणाधीन सड़क मार्ग* के किनारे बसे आम जनमानस का दिन भर उड़ते धूल के गुब्बारों से जीवन संकट में

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बदवार - सीतापुर मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य प्रदेश की नामचीन निर्माण कंपनी श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्रर प्रायवेट लिमिटेड द्वारा लगभग तीन वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन काम है की पूरा होने का नाम ही नहीं ले रहा,, इस कछुए के चाल से चल रहे सड़क निर्माण कार्य का खामियाजा विभिन्न प्रकार से भोग रहे हैं तो केवल आम



जनमानस, जिन्होंने निर्माणाधीन सड़क मार्ग के समीप अपना आशियाना पूर्व में ही बना लिया था।ताज्जुब की बात तो ये है उपरोक्त निर्माण कंपनी द्वारा अपने निर्माण कार्य की सुविधा हेतु डायवर्शन( परिवर्तित मार्ग )तो बना दिए जाते हैं, लेकिन उनमे गिट्टी और पानी कभी नहीं डाला जाता जिस वजह वाहनों की आवाजाही के समय उड़ने वाले धूल के गुब्बारे दिन में ही रात के दर्शन करा देते हैं.।।आपको बता दें कई बार खबरों के माध्यम से उपरोक्त निर्माण कम्पनी के उच्च अधिकारियों का ध्यान आम जनमानस के जान पर बन आई ज्वलंत समस्या से अवगत कराया गया लेकिन नतीजा *ढाक के तीन पात*।

अब देखना दिलचस्प होगा की खबर प्रकाशन के बाद श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्रर प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रबंधन द्वारा आम जनमानस को हो रही समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस कदम उठाया जाता है या फिर धूल खाने के लिए यूँ ही छोंड़ दिया जाता है।।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा सत्संग का भव्य आयोजन आज पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा

संवाददाता हरिओम चौहान



गोलोकवासी प्रमोदपुरी नागा महाराज शक्ति आश्रम बकतरा की प्रेरणा से पतित पावन मां नर्मदा की असीम अनुकंपा से हनुमान जी महाराज की अध्यक्षता में पिछले 60 वर्षों से लगातार यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम जोन तला श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं विराट राम कथा का आयोजन किया जा रहा 4 मार्च को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 11 मार्च को संपूर्ण पूर्ण आहुति के साथ समापन होगा

ग्राम जोन तला में प्रतिवर्ष महालक्ष्मी नारायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाता हैं विगत 60 वर्षों से यह आयोजन जोन तला की धरा पर होता चल रहा है इस भव्य आयोजन में दूर-दूर से पधारे धर्माधिकारी का पदार्पण हो रहा है जोन तला की यह पावन भूमि अब जोनतला से जोनतला धाम हो गई है जहां पर व्यास गद्दी पर विराजमान अयोध्या धाम से पधारे विद्वान जगतगुरु राम दिनेश आचार्य अपने श्री मुख से राम कथा की निर्मल धारा बहा रहे हैं प्रतिदिन दोपहर में महाराज श्री के मुखारविंद से राम कथा सुना रहे है इस पावन सरोवर में श्रोता राम कथा को श्रवणकर गोते लगा रहे हैं कथा में बताया मनोकामना की पूर्ति के लिए यज्ञ किया जाता है वह पूरी दुनिया राम जी को जानना चाहती है कथा सुनने का श्रोता में भाव होना चाहिए भगवान की सट्टा स्वीकार करने वाला ही व्यक्ति राम नाम का जाप कर सकता है यज्ञ गांव में क्यों करते हैं क्योंकि भारतीयता एवं धर्म को बच्चों तक पहुंचाने का काम करते हैं **गांव में कहावत है कि पुरोहित एवं नाई बहुत जरूरी है**

यजमान कल्याण करते हैं और हमारे द्वारा परमात्मा को जो बहुत ही पहुंचाते हैं वह पुरोहित ही अग्नि के द्वारा परमात्मा तक पहुंचती है सनातन धर्म ही भरित एवं धर्म है धर्म वैज्ञानिक है वह सनातन है इस महायज्ञ के आचार्य पंडित राजेश शर्मा नर्मदा पुरम हंडिया सेहरदा पधारे हैं जो इस महायज्ञके आचार्य हैं पंडित दानवीर आचार्य वृंदावन से पधारे हैं वह इस यज्ञ में राम कथा के मंच का संचालन कर मंच की शोभा बढ़ा रहे हैं कथा पंडाल में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक श्रोताओं से खचाखच भरा होता है मुख्य अजमान मनीष तिवारी यज्ञ भगवान को आहुति दे रहे हैं तो वहीं पर यज्ञ की संपूर्ण जिम्मेदारियां जोन तला पुरोहित आचार्य लवकेश तिवारी निभा रहे हैं जब हमने इस संपूर्ण यज्ञ के बारे में विस्तार से पूछा तो आचार्य लवकेश तिवारी ने संपूर्ण जानकारी दी और कहा यह यज्ञ विगत 60 वर्षों से होता चला रहा है यह यज्ञ समस्त ग्रामवासी के सहयोग से होता है एवं भगवान की कृपा से होता है इस वर्ष इस यज्ञ का प्रारंभ 4 मार्च को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ है एवं 11 मार्च को संपूर्ण आहुतियां के साथ एवं विशाल भंडारी के साथ समापन होगा वैसे तो यहां पर प्रतिदिन शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी भक्ति शाम को भोजन प्रसादी पाते हैं एवं अपने आप को कृतज्ञ करते हैं इस महायज्ञ की संपूर्ण पूर्णाहुति 11 मार्च को होगी क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से विनम्र निवेदन है इस श्री महालक्ष्मी नारायण यज्ञ में पधार कर अपने जीवन को कृतज्ञ करे आयोजन कर्ता समस्त ग्रामवासी जोनतला धाम

# गर्मी से पहले ही स्मार्ट मीटर निकाल रहे पसीना

## कैसे भरेंगे इतने बिल आम और गरीब लोगों की बड़ी मुसीबत

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट**-वर्तमान में पूरे नगर में स्मार्ट मीटर घर घर और दुकानों पर लग गए है नगर में कुछ ही जगह ऐसी होगी जहां पर स्मार्ट मीटर लग्न बाकी होंगे वरना तो सभी दूर स्मार्ट मीटर की स्पीड हर घर के बजट को प्रभावित करती हुई दिखाई देती है। नगर में इन स्मार्ट मीटर को लगे हुवे 2 से 3 माह बीत गए है। इन 2 से 3 माह में ही स्मार्ट मीटर के चलते लोगो की जेब पर भारी असर होने लग गया है जबकि अभी तो शीत ऋतु का ही दौर था अभी गर्मी ने दस्तक ही दी है उसके पहले ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओ के पसीने छुड़ा रहा है। ऐसे में आमजनों को आने वाले समय मे ओर अधिक जेब पर डाका ढलने की संभावना ही परेशान कर रही है। जहां चुनाव के समय पार्टियां मतदाताओं को सस्ती बजली देने की बात करती हुई दिखाई देती थी वही अब लोगों की जेब पर डाका डालने से नही कतरा रही है। नगर के कई उपभोक्ताओ ने बताया कि स्मार्ट मीटर के लगने के पहले हमारा बिजली का बिल दो सौ से तीन सौ रुपए आता था वह अब सीधा हजार से पंद्रह सौ तक आ रहा है जबकि बिजली की खपत इतनी नहीं है सिर्फ शाम को बिजली जलती है अभी ना तो फंखे ओर ना ही कूलर चल रहे है फिर भी इतने बिल कैसे आ रहें है समझ नही आ रहे। वही उपभोक्ता शांतिलाल पोरवाल ने बताया कि मेरे घर का कार्य चल रहा था और लगाकर मैंने मना किया कि अभी कार्य चल रहा है। मत लगाइए तो भी वह लग गए और पानी गिरने से मीटर खराब हो गया जब मैं शिकायत की तो उन लोगों का कहना है कि मी वाटरप्रूफ है। और किसी कारण से यह खराब हुआ है वही नुसरत भी उन्हें बताया कि पहले मेरे घर पर ?100 का बिल आता था लेकिन अब 2 से ?3000 का पिला रहा है। हम गरीब लोग हैं कैसे बिल को भरेंगे और अगर नहीं भरते हैं तो ऑटोमेटिक बिजली बंद हो जाती है और ऑफिस जुड़वाने जाएं तो 330 सो रुपए अतिरिक्त लगते हैं । यह गरीब लोगों पर अन्याय है ऐसे कई उपभोक्ता हैं जिन्होंने अधिक बिल आने की शिकायत की है और समय पर नहीं भरने पर बिजली बंद होने की बात कही है प्रशासन को चाहिए कि इन मेट्रो की एक बार पुनः जांच करवाई जिस की काम और गरीब आदमी पर अधिक बिजली का बिल भरने की परेशानी ना हो या फिर शासन को चाहिए कि वह लोगों को राहत प्रदान करते हुए यूनिट में राहत दें। वही जानकारों की माने तो अगर बिल ज्यादा आ रहा है तो इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारी से करे। जिससे मीटर की जांच हो सके। और अधिक बिल का कारण पता चल सके।

# लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर के रीवा प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान







रीवा/मऊगंज, विंध्य का अपना इतिहास रहा है की यहाँ की माटी वीरों से खाली नहीं है। यहाँ के एक युवा ने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर यह मुकाम हासिल करते हुए विंध्य की माटी को गौरवान्वित किया है। हम बात कर रहे हैं रीवा निवासी 23 वर्षीय शांतनु सेंगर की जो मऊगंज जिले के ग्राम गनिगवां गौरी तहसील हनुमना के पुस्तैनी निवासी हैं। जिनकी स्कूली शिक्षा ज्योति सीनियर सेकेंड्री रीवा एवं बीकाम आनर्स टीआरएस कालेज से हुई। वर्ष 2022 में यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा में देशभर में 05 लाख अभ्यर्थियों में से लगभग 150 अभ्यार्थी चयनित हुए, जिसमें 33 वीं रैंक हासिल की। ट्रेनिंग के दौरान जैसामी कंपनी को पासिंग आउट परेड में द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है। बाक्सिंग के ट्रेनर भी रहे। शांतनु के बाबा स्वर्गीय श्री रमागोविंद सिंह सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर रहे। पिता सत्यार्थी फिल्म्स के फाउंडर मेंबर और राष्ट्रीय कवि सत्येन्द्र सेंगर आकाशवाणी रीवा के वरिष्ठ उद्घोषक हैं। माता कवित्री डॉ. सरिता सलिल शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल में सहायक प्राध्यापक हैं एवं बहन संवेदना सेंगर मुंबई में वॉइस आर्टिस्ट हैं।

हर्ष का विषय है की विंध्य के इस युवा शांतनु सत्येंद्र सेंगर का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए हुआ है। जिसकी ट्रेनिंग पूरी होकर 8 मार्च 2025 को पासिंग परेड में कमीशन अलॉट होने के उपरांत लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर के रूप में विंध्य की धरा अपने गृह क्षेत्र में प्रथम आगमन हुआ है। सबसे पहले प्रयागराज एयरपोर्ट पर उतरने के बाद बोट क्लब काली मंदिर कीटगंज प्रयागराज में युवा एकता परिषद के युवाओं ने पुष्पवर्षा कर अपने युवा साथी का स्वागत किया एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। जिसमें राहुल द्विवेदी,प्रदीप शुक्ला,शुंदरम् तिवारी,दीपांशु मिश्रा,निक्की पांडेय,शुद्धाशु मिश्रा,आर्यन जयसवाल,अनमोल जयसवाल,हर्ष जयसवाल व अमन द्विवेदी शामिल रहे। तदुपरांत रीवा मऊगंज के समाजिक कार्यकर्ताओं एवं ईस्ट मित्रों द्वारा आजाद ढाबा सोहागी सोहागी में युवा मोर्चा बीजेपी जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा द्वारा युवा साथियों के साथ स्वागत सत्कार किया गया। इसी कड़ी में पंजाबी ढाबा गढ़ में सामाजिक कार्यकर्ता अतुल द्विवेदी पुत्तू द्वारा युवा टीम के साथ स्वागत कर बधाई दी गई एवं साथ में जलपान किया गया। तत्पश्चात मॉडल स्कूल के सामने चुंगी नाका स्थित निज निवास में पहुंचने के पूर्व श्रीराम दरबार मंदिर में पहुंचकर परिवार के साथ पूजा पाठ किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं देर रात तक निज निवास में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। युवा एकता परिषद के संरक्षक पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने शांतनु की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा की शांतनु सेंगर की इस सफलता से विंध्य गौरवान्वित है। यह सफलता लेफ्टिनेंट शांतनु के परिजनों के साथ साथ संपूर्ण विंध्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। आज के युवाओं के लिए लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर एक ऐसे प्रेरणास्रोत हैं जिन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान के अपनी स्वयं की पढ़ाई से यह मुकाम हासिल किया है।

# स्पेशल नवजात देखभाल इकाई में 1554 नवजात को मिला नवजीवन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**दमोह** – मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में संचालित स्पेशल नवजात देखभाल इकाई में नवजात शिशुओं को बेहतर देखभाल और उन्हे समुचित उपचार सेवा देकर नवजीवन देने का काम किया जा रहा है। जो शिशु मृत्यु दर को प्रभावी रूप से कम करने में भी बेहद कारगर साबित हो रहा है। इकाई में शिशुओं को कंगारू मदर केयर पद्धति से विशेष स्वास्थ्य देखभाल की जाती है। बेहद आवश्यक होने पर ही एंटीबॉयोटिक डोज दिया जाता है। उन्होंने बताया माह अप्रेल से अभी तक गंभीर हालत में भर्ती किये 1769 उपचारित नवजात में से 1554 नवजात शिशुओं अर्थात 88 प्रतिशत नवजात शिशुओं को स्वस्थ कर सफलता पूर्वक डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने बताया यह गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल एवं समर्पण भाव से की जा रही स्वास्थ्य देखभाल सेवा का परिचायक भी है। उल्लेखनीय है कि राज्य औसत 80 प्रतिशत है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज ने बताया कि स्पेशल नवजात देखभाल इकाई में 1800 ग्राम से कम वजन एवं 34 सप्ताह से पूर्व जन्मे शिशु, श्वांस समस्या, पीलिया, दूध न पी सकने की समस्या, अविकसित शिशुओं, निर्धारित वजन से कम वजन जैसी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति में नवजात शिशुओं को भर्ती किया जाता है। नवजात की जीवन रक्षा के लिए समर्पित चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफीसर द्वारा पूर्ण मनोयोग और सेवाभाव के साथ 24ङ्7 गंभीर नवजात शिशुओं का ईलाज कर उनकी जान बचाने में जी जान से जुटे रहते हैं। सेन्ट्रलाईज ऑक्सीजन युक्त 30 बिस्तरीय एस.एन.सी.यू. इकाई में 26 रेडियॅण्ट वार्मर और 6 फोटोथेरेपी उपकरण भी है, आवश्यकतानुसार नवजात शिशुओं को रखकर तापमान नियंत्रण एवं संक्रमण से बचाव किया जाता है। एस.एन.सी.यू. इकाई में 2500 ग्राम से कम वजन के शिशुओं को कंगारू मदर के

# मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की जनपद पंचायत बैरसिया में मोदी जी गारंटी में चल रहे हैं गरीबों की योजना में 218 फर्जी मजदूर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854




मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की जनपद पंजाब बैरसिया की ग्राम पंचायत भुजपुरा कला में चल रहे हैं 218 फर्जी मजदूर ऐसा यह मामला बैरसिया की पंचायत भुजपुरा कला में देखने को मिल रहा है निर्माण कार्यों पर नहीं है एक भी मजदूर लग रहे हैं हर रोज फर्जी मजदूर मनरेगा में देखने को मिल रहा है हर दिन चल रहे हैं सैकड़ो मजदूर मौके पर नहीं है एक भी मजदूर ग्राम पंचायत में भुजपुरा कला मे निर्माण कार्यों में नहीं है एक भी मजदूर सिर्फ कागजों में चल रहे हैं मजदूर आपको बता दें कि ग्राम पंचायत मैं जो लोग मजदूरी लायक हैं उनको मजदूरी नहीं दी जा रही है ऐसे लोग मजदूरी मैं नाम जोड़कर दर्शाया जा रहा है जो पैसे से संपन्न है गरीबों की योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में भी कार्य करते हैं ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव रोजगार सहायक की मिली भगत से गरीबों का का मुंह निवाला छीनकर खा रहे हैं सरकार डिंडोरी पीट रही है कि मोदी की गारंटी है हर मजदूर को मजदूरी दी जाएगी यह कैसी गारंटी है मजदूरों के साथ छलवा हो रहा है बड़े लोगों का जलवा हो रहा है

# जनसुनवाई में 193 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**विशेष जनसुवाई में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत 03 आवेदन हुये प्राप्त**

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 193 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 35 आधार कार्ड अपडेशन, 05 पी.एम. किसान सम्मान निधि के आवेदन प्राप्त हुए एवं 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विशेष जनसुवाई में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत 03 आवेदन प्राप्त हुये।

जनसुनवाई के दौरान आवेदक धरमदास जाटव ने ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन करवाने के संबंध में आवदेन देने पर कलेक्टर श्री कोचर ने दूरभाष के माध्यम से आवदेक की परिवहन अधिकारी श्री सोनी से बात करवाई। उन्होंने परिवहन अधिकारी से कहा त्वरित कार्यवाही कर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में संविधान के अमृत महोत्सव के तहत

# एक दिवसीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी की अध्यक्षता में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संविधान के अमृत महोत्सव के तहत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री चौधरी ने मौलिक अधिकारों के संरक्षण तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन. पी. नायक ने छात्राओं को संविधान के प्रति जागरूक होने के लिए कहा, हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. अवधेश जैन ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश मौर्य ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों एवं अनुसूचियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के वायसराय की कार्यकारिणी में श्रम मंत्री के रूप में बनवाए गए अधिनियमों के बारे में छात्राओं को बताया। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में भी उनके योगदान के बारे में बताया। यह भी बताया कि समानता और विविधता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया।

स्वतंत्र भारत में भी विधि मंत्री के रूप में हिंदू विवाह अधिनियम को पारित करवाने का प्रयास किया। इस प्रकार डॉ आंबेडकर के संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए डॉ. राजेश कुमार पौराणिक ने मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति छात्राओं को जानकारी प्रदान की। समिति सदस्य डॉ. अनुभा सोधिया ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की छात्राओं करिश्मा राज, रवीना राजपूत, आस्था दुबे तथा अपर्णा दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ राधा ताम्रकार, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. असलम खान, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. उमेश दीपंकर, डॉ. प्रिया थापा साहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। व्याख्यान में समिति के सदस्य डॉ. अजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद भी शिक्षक की अस्थाई शैक्षणिक व्यवस्था समाप्त नहीं की गई

राजगढ़-सारंगपुर विकासखंड के संकुल केंद्र पडाना अंतर्गत शासकीय प्राइमरी विद्यालय आशारेटा रावत मैं पदस्थ शिक्षक कैलाशचंद मालवीय 2022-23 से अपनी सेवा कहीं और दे रहे हैं जबकि जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि किसी भी शिक्षक की अस्थाई शैक्षिक व्यवस्था अन्य शाला में की गई हो तो तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है यह भी लिखा है यदि किसी शिक्षक की अस्थाई शैक्षणिक व्यवस्था पाई जाती है तो संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी आदेश में यह भी लिखा है कि अटैक शिक्षकों का



महा जनवरी 2025 का वेतन भी मूल पदांकित संस्था में उपस्थित होने पर ही आहरित होगा इसके बाद भी शिक्षक कहीं और अपने सेवा दे रहे हैं ऐसे में वरिष्ठ अधिकारी क्या आदेश की खुली अवेलना की जा रही है इसी आदेश की बात जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी से की गई तो उन्होंने बताया कि शिक्षक कैलाशचंद मालवीय का आशारेटा रावत में कुछ विवाद है और वहां पर स्कूल में बच्चे भी तीन हैं दो शिक्षक है इसलिए इनको बरुखेड़ी ग्राम के शासकीय प्राइमरी विद्यालय में अटैच कर रखे है यहां कह कर आदेश से पल्ला झाड़ लिया

## इनका कहना है

संबंधित संकुल केंद्र एवं विकासखंड अधिकारी से में बात करता हूं

**करण सिंह भिलाला जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

# बरखेड़ाकला पुलिस को मिली बड़ी सफलता 100 पेटी देसी अवैध शराब जप्त

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

अवैध शराब के मामले में आलोट बरखेड़ा कला पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत बरखेड़ा कला पुलिस द्वारा सोमवार और मंगलवार के मध्य रात्रि में करीबन 1:00 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली से अवैध रूप से सो पेटी देसी प्लेन अवैध शराब जप्त की है। मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गया । बरखेड़ा कला टी आई रेखा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात के विरुद्ध पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और मामले में जांच जारी है।

# नगर परिषद मनगवा के 6 पार्षद 2 पूर्व पार्षदों पर भ्रष्टाचार का आरोप पत्र जारी

## कलेक्टर रीवा ने भ्रष्टाचार के मामले में पार्षदों को कारण बताओ आरोप पत्र जारी

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




अध्यक्ष सहित कर्मचारियों पर भोपाल से जारी होगा आरोप पत्र

रीवा नगरपरिषद मनगवा में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए पत्रकार महेंद्र तिवारी की शिकायत पर नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया था जिसमे नगर परिषद मनगवा के अध्यक्ष सहित 06 पार्षदों को दोषी माना गया है इतना ही नहीं पूर्व पार्षदों पर भी नोटिस जारी हुई है

कलेक्टर रीवा ने कड़ी कार्यवाही करते हुए वर्तमान के छः पार्षदों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है जबकि दो पूर्व पार्षदों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है पार्षदों को जांच रिपोर्ट में भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया है नियम कानून को ताक में रखकर कार्य कराया जाता रहा हैं सगे संबंधियों का भी लाभ लिया जाता रहा हैं पूर्व में महेंद्र तिवारी पत्रकार द्वारा शिकायत किए जाने के बाद कलेक्टर रीवा ने जांच टीम गठित कर जांच कराई गई थी जिसमे कार्यवाही में हिला हवाली की जा रही थी महेंद्र तिवारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में कंटेंप्ट याचिका दायर करने के बाद कलेक्टर रीवा द्वारा कार्यवाही शुरू की गई है

कांग्रेस पार्टी से पार्षद पद पर निर्वाचित होने वाली श्रीमती वंदना तिवारी को भी भ्रष्टाचार में सहयोगी पाया गया है अपने पुत्र को नौकरी देने का मामला दर्ज हुआ है कलेक्टर रीवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है वार्ड 08 से श्रीमती निशा बंसल ने भी भ्रष्टाचार का लाभ प्राप्त किया है पीआईसी में दोषी पाया गया है कलेक्टर रीवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है वार्ड क्रमांक पांच से निर्वाचित मोबीन खान ने भी अपने पद दायित्व का दुरुपयोग करते हुए लाभ प्राप्त किया है पीआईसी में दोषी पाए जाने पर कलेक्टर रीवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है वार्ड क्रमांक 09 से निर्वाचित वरिष्ठ पार्षद कपूर चंद्र अवधिया जिनको नगर परिषद का चाणक्य माना जाता हैं उनके द्वारा भी भ्रष्टाचार पर जमकर सहभागिता निभाई गई सगे संबंधियों का भी लाभ लिया गया है कलेक्टर रीवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया इसी तरह से वार्ड क्रमांक 11 के वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र जोगी ने अपने अनुभव का लाभ लेते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया गया हैंडपंप खनन सड़क निर्माण सगे संबंधियों को नौकरी लाभ प्राप्त कर किया गया फर्जी तरीके से पीएम आवास योजना में भी भ्रष्टाचार किया गया शौचालय निर्माण में भी भ्रष्टाचार हुआ था जिसमे कलेक्टर रीवा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है

वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद सुशील गुप्ता को भी पीआईसी में दोषी माना गया है क्यूंकि पीआईसी के द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रस्ताव पारित कर नियम विरुद्ध कार्य किया गया है कलेक्टर रीवा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है

**पूर्व पार्षद को भी कारण बताओ नोटिस जारी :** तत्कालीन परिषद में सदस्य रहे वार्ड क्रमांक 06,08 से पार्षद विनोद नामदेव, छेदी लाल साकेत द्वारा भी भ्रष्टाचार के कार्यों में संलिप्त पाए गए हैं और अपने सगे संबंधियों को नौकरी पर रखकर लाभ प्राप्त किया गया है जो नियम विरुद्ध था कलेक्टर रीवा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है

**नगर परिषद मनगवा के अध्यक्ष वा कर्मचारियों को भोपाल से जारी होगा कारण बताओ नोटिस :** मध्य प्रदेश शासन नगरीय निकाय एवम आवास विभाग भोपाल के नियम के मुताबिक कर्मचारी वा अध्यक्ष पर कारण बताओ नोटिस विभागीय मुख्यालय से जारी होगा जिसकी जांच रिपोर्ट कलेक्टर रीवा द्वारा तैयार कर भेजी जा चुकी है कभी भी नोटिस जारी किया जा सकता है जिस तरह से भ्रष्टाचार पर कार्यवाही जारी है उससे ऐसा लगता है कि नगर परिषद मनगवा में अतिशीघ्र ही हुए भ्रष्टाचार पर लगाम लग सकती है

# टीकमगढ़ में दो बच्चियां डूबीं, तीन को लोगों ने बचाया : एक की हालत गंभीर, धसान नदी के बंसीपट घाट की घटना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



टीकमगढ़ की धसान नदी में नहाने गईं पांच में से दो लड़कियां डूब गईं। हादसा मंगलवार सुबह करीब 10 बजे का है। पुलिस ने दोनों के शव नदी से बाहर निकलवाए। पलेरा थाना पुलिस के मुताबिक, मजरा कुटन गांव की लड़कियां बंसीपट घाट पर नहा रही थीं। इस बीच पांचों लड़कियां डूबने लगीं। आसपास के लोगों ने 9 वर्षीय रक्षा अहिरवार समेत तीन लड़कियों को तो बचा लिया, लेकिन 14 वर्षीय गुड़िया यादव और 12 वर्षीय छवि यादव डूब गईं। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार, रक्षा की हालत गंभीर होने के कारण उसे पहले नौगांव सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही पलेरा तहसीलदार अवंतिका तिवारी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली।

**छवि को बचाने में डूबी गुड़िया:** हादसे में मृत गुड़िया के चाचा राजेंद्र यादव ने बताया कि मोहल्ले की करीब सात-आठ लड़कियां नदी में नहाने गई थीं। गुड़िया आठवीं में और छवि पांचवीं में पढ़ती थी। पलेरा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि पहले छवि पानी में डूबने लगी थी। उसे बचाने के लिए गुड़िया और रक्षा गहरे पानी में पहुंच गईं। छवि को बचाने के प्रयास में गुड़िया भी डूब गई और रक्षा डूबने लगी।

टीआई के अनुसार, मजरा कुटन गांव से करीब 500 मीटर दूर धसान नदी के पास हनुमान मंदिर बना है। मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने जाते हैं। नदी पर कोई पक्का घाट नहीं है। लड़कियां कच्चे घाट पर नहा रही थीं। इसी दौरान तीन बच्चियां पानी में डूबने लगी। लड़कियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर मंदिर दर्शन करने गए कुछ लोग पहुंच गए और रक्षा को बचा लिया।

## महेंद्र सागर तालाब से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

# हाईकोर्ट के आदेश पर हटाई अवैध फेंसिंग, फसल बोने वालों का कब्जा भी हटेगा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



**टीकमगढ़** जिला प्रशासन ने मंगलवार को शहर की लाइफलाइन महेंद्र सागर तालाब से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की है। तहसीलदार कुलदीप सिंह के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग के अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

मप्र हाई कोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई की जा है। शुक्रवार को राजस्व अमले ने जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों के साथ कब्जा वाली भूमि को चिह्नित कर लाल निशान लगाए थे। हवेली रोड निवासी नितिन पुरोहित द्वारा दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमले ने रोबर मशीन से तालाब का सीमांकन किया। इसके बाद अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया।

तहसीलदार न्यायालय के आदेश के बाद कुछ समय कार्रवाई रुकी रही। अब प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। जेसीबी मशीन से तालाब के अंदर लगाई गई तार फेंसिंग को हटाया जा रहा है। तहसीलदार कुलदीप सिंह ने बताया कि महेंद्र सागर तालाब के सीमांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

# मातृ शक्ति सम्मान समारोह में 150 से अधिक महिलाओं का सम्मान

## समाज निर्माण में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती-श्रीमती सोनल प्रिंस राठौर

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर।** मंगलवार को शहर के बस स्टैंड स्थित एक निजी होटल में नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी संस्था की दीदी का समाजसेवी श्रीमती सविता रुद्र प्रकाश राठौर, श्रीमती सोनल प्रिंस राठौर और कार्यक्रम का सफल संचालन करने वाली शोभा चांडक आदि ने करीब 150 से अधिक महिलाओं का सम्मान करते हुए महिला दिवस की सभी महिलाओं, बेटियों और बहनों को शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर समाजसेवी श्रीमती सोनल प्रिंस राठौर ने कहा कि नारी शक्ति और मातृ शक्ति का सम्मान जरूरी है। इसी उद्देश्य से पूरी दुनिया में महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी की महानता के पीछे उनकी माता जीजाबाई के योगदान का जिक्र किया। कहा कि हर पुरुष की सफलता और स्वस्थ समाज निर्माण में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में करीब 11 महिला स्वच्छता मित्र के रूप में कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने कहाकि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि भारत में सदैव मातृ शक्ति का सम्मान होता रहा है। आदि शक्ति के रूप में पूजे जाने के साथ ही प्रत्येक सनातन परिवार में शुभ कार्य के पूर्व कन्या-पूजन की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार दोनों इस परंपरा का पालन करती रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिये 4 आधार स्तंभ ज्ञान गरीब, युवा, किसान और नारी सशक्तिकरण को प्रमुखता से शामिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पुण्य-श्लोका राजमाता अहिल्या देवी की कार्य स्थली महेश्वर में कैबिनेट की बैठक आयोजित कर उनके नाम पर नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर राज्य सरकार ने महिलाओं के लिये सरकारी भर्तियों में आरक्षण बढ़ाकर दिया है। हम महिला सशक्तिकरण के लिये लाड़ली बहना जैसे अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इस मौके पर श्रीमती शोभना सन्नी महाजन, उमा पालीवाल, गीता राठौर, आभा कासट, राशि मोदी, श्रेष्ठा सक्सेना, संगीता राठी, मालती आर्य, रामकली बाई गहलोत, वर्षा घनश्याम यादव, सविता अर्जुन राठौर, सीमा परिहार, नुतुन राठौर, हर्षा राठौर, प्रेमलता राठौर, हेमलता राठौर और रेखा चौरसिया आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# क्षेत्र पंचायत बैठक का किया गया आयोजन

## खण्ड विकास अधिकारी योगिंद्र कुमार ने विस्तार से योजनाओं दी जानकारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम




**बेहट** मंगलवार को विकासखंड साढौली कदीम के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे निहित बिंदुओं पर विचार किया गया।

बैठक में गत वर्षों की बैठक की कार्यवाही पर पुष्टि,पेयजल परियोजनाओं,कृषि रक्षा कार्यक्रम,कृषि विभाग द्वारा बीज,उर्वरक वितरण,ऋण मोचन, समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धावस्था,दिव्यांग विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं,रोजगार गारंटी योजना, राज्यवित्त योजना के कार्यों,15 वें वित्त आयोग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना व एन.आर.एल.एम.योजना पर विचार किया गया। इसके साथ ही उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त टाइड व अनटाईड फंड से कराए जाने वाले निर्माण कार्यों के प्रस्ताव जो एक ग्राम से दूसरे ग्राम को जोड़ने वाले रास्तों के प्रस्ताव मांगे गए सभी सदस्यों के द्वारा अपने-अपने ग्रामों के प्रस्ताव ब्लॉक प्रमुख को उपलब्ध कराए गए। बीपीडीपी कार्य योजना तैयार करने के लिए बैठक बुलाई गई थी प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर वर्ष 2025-26 की विकास खंड की बीपीडीपी की कार्ययोजना को बैठक में अंतिम रूप दिया गया।बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी एवं संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत राज विभाग प्रदीप पुंडीर के द्वारा किया गया सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अश्वनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत क्षेत्र में 802 समूह संचालित है जिसमें सामुदायिक निवेश निधि रिवाल्विंग फंड के रूप में 600 समूह सक्रिय हैं 245 समूह को बैंक क्रेडिट लीकेज स्वीकृत कराई गई है।

खंड विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड क्षेत्र में 610 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य है जिसमें 264 आवास पूर्ण हो चुके हैं एवं 346 निर्माणाधीन है मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 31 आवास स्वीकृत हैं 31 आवास पर ही निर्माण कार्य जारी है,शुभम सैनी व नीरज कुमार प्रदीप शर्मा कय्यूम सहित आदि मौजूद रहे

# डीबीसीपीएल ने महिला दिवस पर सीएसआर का उदाहरण पेश किया

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर




डी बी सी पी एल ने महिला दिवस पर जरूरत मंद परिवार की 60 लड़कियों को रोजगार के आफर लेटर के साथ नि: शुल्क सी सी स्किल सर्टिफिकेट वितरित कर सम्मानित किया। डी बी सी पी एल के माध्यम से पीपल ट्री फाउंडेशन द्वारा संचालित सी सी ई ( कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव) एवं जी डी ए ( जनरल ड्यूटी असिस्टेंट) स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम नि: शुल्क खाने, पीने रहने की उचित व्यवस्था के साथ भोपाल एवं देवास में संचालित किया जा रहा है। पीपल ट्री फाउंडेशन राज्य प्रमुख देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि हमारा ये प्रोग्राम पिछले पांच सालों से देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन के सौजन्य से संचालित किया जा रहा है, जहा जरूरत मंद परिवार की लड़कियो से मोबलाइजिंग टीम ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों मे विजिट कर संपर्क में रहती है तथा अविभावको को सेंटर मे ला कर सारी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि से संतुष्ट कर 35 लड़कियो का प्रति माह प्रशिक्षण बैच बनाया जाता है ।इस मौके पर डी बी सी पी एल परियोजना संचालक श्री अजय मिश्रा, सी एस आर प्रबंधक उमा शंकर पाण्डेय,जोनल हेड पीपल ट्री फाउंडेशन देवेन्द्र शर्मा ,केंद्र प्रबंधक देवास महेंद्र चौहान,केंद्र प्रबंधक भोपाल हिमांशु पटेल, अरुण वर्मा प्लेसमेंट अधिकारी अभय पटेल प्रशिक्षक ग्राहक सेवा,बुबुल मालवीय - ट्रेनर जीडीए, पूजा वर्मा टेलीक्लर कल्पना भारती , परामर्शदाता सुरक्षा कथाने टेली कालर आदि शामिल थे।

# व्हीआईएसएम कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

दैनिक केसरीया हिन्दुस्तान



व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ में आज दिनांक 11/03/2025 को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व स्टॉफ ने मिलकर फूलों व गुलाल से होली खेली। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर एवं चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर ने सभी स्टॉफ को शुभकामनाएं देते हुए गुलाल लगाया। सभी सदस्यों ने होली के बॉलीबुड गानो पर नृत्य किया। इसके साथ समारोह में फैकल्टी व हॉस्पिटल स्टॉफ द्वारा काव्यपाठ, सोलो नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियां भी दी गई। डॉ. सुनील राठौर ने इस मौके पर उपस्थित स्टॉफ को बताया कि होली का त्योहार जीवन को विभिन्न रंगों से भर देता है और लोग एक दूसरे के साथ सारे गिले-शिकवे भुलाकर खुशियां मनाते है। होली सिर्फ उल्लास का एक दिन नहीं है बल्कि यह परंपराओं और अनुष्ठानों से भरा त्योहार है। तत्पश्चात् सभी सदस्यों ने स्ल्पाहार किया। समारोह में ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, हॉस्पिटल अधीक्षक, समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, हॉस्पिटल डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ मौजूद रहा।

# खाटू श्याम मंदिर पर ग्यारस पर किया गया फाग उत्सव का आयोजन हज़ारों की संख्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर ।** सीहोर भोपाल बाईपास स्थित खाटूश्याम मंदिर पर ग्यारस पे भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पोहोचकर बाबा खाटूश्यामजी के साथ फूल और गुलाल की होली खेली एवं प्रसादी ग्रहण की जानकारी देते हुए खाटूश्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि हर ग्यारस पर प्रसादी एवं कोई ना कोई धार्मिक आयोजन मंदिर पर रखे जाते है इसी तारतम्य में आगामी होली के पर्व को लेकर इस ग्यारस पर भी मंदिर पर फाग उत्सव का आयोजन रखा गया था इस अवसर पर बाबा का आलोकिक शृंगार किया गया था एवं नि:शुल्क प्रसादी का वितरण किया गया था फाग उत्सव के दोरान हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के साथ फूल और गुलाल की होली खेली एवं दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित कर प्रसादी ग्रहण की ।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर बुधवार 12 मार्च 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेहिचक



# शहडोल में उद्योग धंधे और फैक्ट्रियां नहीं सुरक्षित, कबाड़ माफिया के सामने बेबस प्रशासन

## डेक्कन फैक्ट्री से चोरी हुए माल की लोकेशन के बाद भी नहीं पहुंचे सोहागपुर थानाप्रभारी अथवा टीम





लगातार

बदल दी जगह, दबा दिया अनीश का नाम, बटुरा के गोद से जप्त हुआ था डेक्कन फैक्ट्री से चोरी का सामान..

तो क्या सस्ती लोकप्रियता तक सिमटी पुलिस की कार्यवाही, झूठी बटोरी जा रही वाहवाही...

जिला बदर से लौटने के बाद पुनः दर्ज हुआ था माफिया अनीश पर विद्युत तार चोरी का प्रकरण, दो महीने था फरार

बंद कराई गई माफिया बडडे जैन की दुकान जिलाबदर से लौटे माफिया को सौंप दी गई शहडोल जिले की कमान

एक ओर कलेक्टर और शहडोल जिला प्रशासन शहडोल में उद्योगधंधे स्थापित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं जिसका नतीजा हुआ कि डेक्कन फैक्ट्री फिर शुरू होने को हुई तो कबाड़ माफिया ने ग्रहण लगा दिया पुलिस के अनुसार ढाई सौ लोहे के बेसकीमती रोलर चोरी हुए बरामद मात्र 50 हुए वही सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात हमारी टीम द्वारा अन्य 190 रोलर परिवहन की सूचना दी गई तो थानाप्रभारी ने पहले तो कहा टीम भेजता हूं किंतु माफियाओं के सामने बेबस प्रतीत होते थानाप्रभारी ने ना टीम भेजी और फोन काटना भी शुरू कर दिया। गौरतलब है की पूर्व में कबाड़ माफिया ने करोड़ों की एथेनॉल फैक्ट्री को भी निशाना बनाया था जिस पर कंपनी मलिक ने लिखित शिकायत थाना प्रभारी को सौंपी थी।

शहडोल। मध्य प्रदेश के मुखिया सीएम मोहन यादव प्रदेश भर में इन्वेस्टमेंट लाने के प्रयास से करोड़ों अरबों रुपए खर्च कर चुके हैं.. सीएम के नक्शे कदम पर चलते हुए कलेक्टर केदार सिंह ने अपनी टीम के साथ शहडोल के विकास के लिए जी तोड़ मेहनत किया अन्य उद्योग धंधों को लाने के लिए इन्वेस्टमेंट मीट में व्यापारियों को एकल विंडो सुविधा सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला लेकिन शायद संवेदनशील कलेक्टर को यह मालूम नहीं था की उनके अपने जिले के पुलिस विभाग ही अप्रत्यक्ष रूप से उनके मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेगा, इन्वेस्टमेंट मीट के पूर्व बंद पड़ी डेक्कन फैक्ट्री को लेकर मीडिया ने सवाल उठाए थे तो आवश्यक सहयोग देकर देकर फैक्ट्री पुनः संचालित कराने की बात जिला प्रशासन द्वारा कही गई थी । और जब डेक्कन फैक्ट्री पुनः संचालित होने को हुई लाखों करोड़ों के मशीनरी कल पुर्जे ले गए तो पुलिस के संरक्षण में पल रहे कबाड़ माफियाओं ने इस पर सेंध लगा दी।

### “मीडिया हब शहडोल”

**क्या हुआ था डेक्कन फैक्ट्री में**

प्राप्त जानकारी के अनुसार डेक्कन फैक्ट्री गोरतरा में तैनात सुरक्षा कर्मी को हथियारबंद चोरों ने जान का भय दिखाकर कमरे में बंद कर डेक्कन फैक्ट्री को पुनः संचालित करने के लिए ले गए 250 रोलर के प्लेट और रॉड करीब 1 दर्जन हथियार बंद कबाड़ माफियाओं ने लूट लिए.. जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने तफ्तीश चालू की और महज 50 रोलर जप्त कर कार्यवाही पूर्ण की गई हालांकि इस कार्यवाही को खानापूर्ति का नाम भी दिया जा रहा था। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य कबाड़ माफिया जिला बदर से लौटे अनीस का नाम भी सुर्खियों में रहा कि पूरा घटनाक्रम उसके संरक्षण में अंजाम दिया गया है बताया यह भी गया की बयान में अनीश जानू एवं अन्य का नाम भी आया लेकिन पुलिस ने ठोस कदम नहीं उठाए।

**सूचना के बाद भी नहीं दी दबिश..:** प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के इन्वेस्टमेंट लाने की मेहनत पर लगता ग्रहण को मद्देनजर रखते हुए हमारी टीम ने जब इस मामले की तफ्तीश शुरू की तो सूत्रों के हवाले से यह बात निकलकर सामने आई की डेक्कन फैक्ट्री मामले में सोहागपुर पुलिस ने कार्यवाही तो की लेकिन हाई लेवल का मैनेजमेंट जो की 6 अंकों में बताया गया सफल रहा और गुर्गों तक कार्यवाही सीमित रही जिला बदर से लौटे कबाड़ माफिया अनीश जो इन दिनों जिले का सरगना है को इस मामले में सुरक्षित रखा गया तो वही थाना प्रभारी ने यह बात कही कि मामले में जांच जारी है अभी और कार्यवाही होगी जांच के आधार पर किंतु सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात हमारी टीम द्वारा जब थाना प्रभारी सोहागपुर श्री पांडे को दूरभाष में सूचना दी गई की बटुरा से 190 रोलर वाया अनूपपुर 16 चका सीजी पासिंग ट्रक से भेजे जा रहे हैं या ट्रक बटुरा में ही खड़ा है तो थाना प्रभारी ने पहले तो टीम भेजने की बात कही बाद थाना प्रभारी ने फोन काटना प्रारंभ कर दिया जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि इन्वेस्टमेंट लाने शांति व्यवस्था बनाने और देशभक्ति जन सेवा की कमन वादों से सोहागपुर पुलिस का कोई संबंध नहीं है।

**इन्वेस्टमेंट पर माफिया का बट्टा :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बटुरा में अवैध कारोबार का बड़ा गढ़ बनाया गया है जहां बड़े पैमाने पर एक बार फिर चोरी की वारदातों को अंजाम देकर माल खपाने का सिलसिला जारी है जिसकी कमान जिला बदर से लौटने के बाद बुढ़ार में दर्ज हुए मामले के बाद फरार रहे अनीश को जमानत के बाद सौंप दी गई है, गौरतलब है कि पूर्व में अनीश को शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिला बदर किया गया था तो वहीं बुढ़ार में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होने के बाद पुनः जिला बदर की कार्यवाही करनी बताई जा रही थी लेकिन यह कार्यवाही भी ठंडे बस्ते में चली गई और अंततः अनीश को जिले की कमान सौंप दी गई। गॉड तालाब है कि इसके पूर्व भी कथित कबाड़ माफिया ने चोरों की गैंग नव स्थापित उद्योग पतासी के एथेनॉल फैक्ट्री पर भी धावाबोला था जिसकी लिखित शिकायत सोहागपुर थाने में दर्ज कराई गई थी।

### इनका कहना है

सोहागपुर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही न करने का मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है,आप मुझे सूचना दिया करिए कार्यवाही की जाएगी। डेक्कन फैक्ट्री चोरी मामला मेरे संज्ञान में है त्वरित कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे जिस पर 45 रोलर जप्त किए गए आगे की जांच और आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी।

**राघवेंद्र द्विवेदी**
**डीएसपी मुख्यालय**
**शहडोल, पुलिस**

## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई




**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की उपस्थिति में मिलन समारोह आज 12 मार्च को

शहडोल। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल धीरेंद्र कुमार ने जानकारी दी है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारी, वीरमाता एवं सैनिक विधवाओं का मिलन समारोह 12 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित किया गया

## शहडोल की बेटी खुशी केवट को “खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025” से सम्मानित किया गया



शहडोल। भोपाल में मध्यप्रदेश वंशल न्यूज ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च 2025) के अवसर पर खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहडोल की बेटी सुश्री खुशी केवट पुत्री राजकुमार केवट, निवासी ग्राम पंचायत कल्याणपुर, विकासखंड सोहागपुर को हैंडबॉल खेल में विशेष उपलब्धि के लिए ?51,000 का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहडोल जिले के कलेक्टर केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान ने खुशी केवट को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में उन्हें जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा हर संभव सुविधा प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि सुश्री श्रीदेवी स्वामी के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी स्टेडियम, शहडोल में खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कराया जाता है। पिछले तीन वर्षों से लगातार हैंडबॉल खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को खेल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारीगण एवं आनंद सिन्हा, सहायक आयुक्त, आदिवासी जनजाति कार्य विभाग, शहडोल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी केवट को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अनुभाग स्तरीय ग्राम एवं नगर रक्षा समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अनुभाग स्तरीय ग्राम एवं नगर रक्षा समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समिति के सदस्यों को सुरक्षा तंत्र से जोड़ते हुए उन्हें कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ विकास पाण्डेय, प्रभारी रक्षित निरीक्षक बृजलाल रोकड़े एवं थाना प्रभारी जैतपुर तथा मास्टर ट्रेनर सुनील शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण के दौरान समिति के सदस्यों को कानूनी प्रक्रियाओं आपातकालीन स्थितियों में कार्रवाई सामुदायिक पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने एवं नागरिक सुरक्षा में अपने दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभाने हेतु प्रशिक्षित किया गया।



## पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, 03 आरोपी गिरफ्तार, मशरूका बरामद



**शहडोल।** फरियादी सम्हारू सिंह पिता नर्मदा सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम खेतौली थाना सोहागपुर जिला शहडोल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि, 10 अक्टूबर 2024 के रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति पंप चोरी करने के उद्देश्य से उसके यहां घुसा था। आसपास के लोगों द्वारा चोर-चोर की आवाज आने पर सभी लोग पीछे करने लगे। गांव वालों के साथ मिलकर उक्त चोर को पकड़ने पर अपना नाम उमा दत्त प्रजापति निवासी सेमरा का रहने वाला बता रहा था। इसके बाद मैं अपने खेत मे लगे पम्प को देखने गया तो खेत में लगा समर्शियल पम्प-रस्सी व बिजली का तार नही था। मेरे खेत में लगे समर्शियल पम्प, रस्सी व बिजली के तार को उमादत्त प्रजापति के व्दारा ही चोरी किया गया होगा। उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की गई। विवेचना के दौरान उमादत्त प्रजापति निवसी सेमरा थाना बुढ़ार को गिरफ्तार कर समर्शियल पंप जप्त कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मंगलवार को आरोपी द्वारा पूछताछ में बताए गए सहयोगियों जो घटना दिनांक से फरार चल रहे थे आरोपी 1.साहिल लोनी पिता कामता लोनी उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरा थाना बुढ़ार जिला शहडोल (म.प्र.) एवं आरोपी 2.कुन्दन लोनीपिता कामता लोनी उम्र 23 वर्ष निवासी सेमरा थाना बुढ़ार जिला शहडोल (म.प्र.) से मिक्सर मशीन जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पूछताछ में उक्त आरोपियों द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया।

## आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगियों को दिया गया प्रशिक्षण

शहडोल। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले गर्मी के मौसम में ब्लू एवं ताप घाट से बचाव के विषय पर जिले की आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगियों को आई. पी. पी.6 सभागार मे प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए लू एवं तापमान से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ता द्वारा जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न उद्देश्यों पर पोस्टर बनाकर प्रस्तुति दी गई। प्रशिक्षण जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंशुमन सोनारे जिला सामुदायिक संयोजक राम गोपाल गुप्ता. मोहम्मद अशरफ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थी।



## कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किये गए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित ऑगनवाड़ी केंद्रो में बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराए, ऑगनवाडी केंद्रों में आने वाले बच्चों से संवाद करे। उन्होंने कहा कि ऑगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति रहे यह सुनिश्चित करे तथा बच्चों के लिए गतिविधियां भी आयोजित करे। कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों की स्थिति, टेक होम राशन, सांझा चूल्हा भुगतान सहित अन्य कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर सहित परियोजना अधिकारी उपस्थित थें।




स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

## पुरनपुर इलाके तेंदुए का आतंक,बंजरिया गांव में पालतू कुत्ते को मार डाला, मलिक पर भी हमले की कोशिश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



**पीलीभीत*** पूरनपुर तहसील क्षेत्र स्थित बंजरिया गांव मैं तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते को मार डाला घटना में कुत्ते के मालिक की भी जान खतरे में पड़ गई। सुखदेव सिंह नाम के ग्रामीण के अनुसार तेंदुआ खेत से अचानक निकला उसने पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया। सुखदेव अपने कुत्ते को बचाने पहुंचे तो तेंदुआ ने उन पर भी हमला करने की कोशिश की ग्रामीण की आंख के सामने ही तेंदुआ कुत्ते को खींच ले गया और उसे मार डाला बाद में अन्य ग्रामीण की मदद से मृत कुत्ते के शव को तेंदुए से बचाया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से गांव के आसपास तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही हैं उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी है। लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची

## सैनिक अस्पताल बनने पर पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन ने उठाई आवाज

**केसरिया हिंदुस्तान लखनऊ**आज दिनांक 11 मार्च 2025 पूर्व सैनिक



समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्य साथियों ने गोकुल लान, उन्नाव में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता संरक्षक जटाशंकर तिवारी ने की और जिला अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर ने समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी से बात कर आगे कदम उठाने को निर्णय लिया गया।

**पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्यों की हुई मासिक बैठक**

बैठक में प्रमुख रूप से सैनिक अस्पताल की समस्या पर चर्चा की गई और इसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभी सैनिक सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से संरक्षक जटाशंकर तिवारी जिला अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर सूबेदार मेजर एसपी शुक्ला जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा विजय कुशवाहा बृजेंद्र बहादुर सिंह योगेंद्र सिंह अजय कुमार मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## दाऊजी मंदिर होलीगेट पर मनाया गया होली मिलन समारोह

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** रंग एकादशी के दिन से ही ब्रज के सभी मन्दिरो में होली



परंमपरागत व धूम धाम से मनाई जाने लगती है। इसी श्रृंखला में होलीगेट स्थित प्राचीन ठाकुर दाऊजी के महाराज मन्दिर में रंगभरी एकादशी के दिन धूमधाम से होली का आगाज हो गया। दिन भर मंदिर प्रांगण में गीत गायन चलाता रहा। सांयकाल ब्रज के राजा दाऊजी महाराज व मां रेवती को श्रृंगार आरती के पश्चात रंग गुलाल की होली प्रारंभ हुई। जिसमें श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के साथ जमकर होली खेली।वही भक्तों ने अपने ऊपर प्रसाद रूपी रंग डलवा कर अपने को धन्य महसूस किया। मंदिर के महंत राजू पंडित ने इस अवसर पर बताया कि प्रत्येक वर्ष रंगभरनी एकादशी को मंदिर में होली शुरू हो जाती है। जो अगले एक सप्ताह तक निरंतर चलती है। इन दिनों दूर-दूर से भजन गायक, रसिया, मंडली द्वारा यहा आकर प्रभु के चरणों में अपने भजन गाते है। स्थानीय लोग इन भजनों से आनंदित होते है।वही संध्या को शयन के समय भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रीना पिपरोनिया,मंजू गुप्ता,डॉली बंसल,सरिता अग्रवाल, ममता भार्गव,शालू अग्रवाल,संध्या अग्रवाल,लता गुप्ता, नीतू,दीपा,गीता गुप्ता, शशि,अनु अग्रवाल,मीरा,ममता,हेमलता एवं पत्रकार साथी शामिल हुए

# ब्लैक डायमंड कंपनी की मनमानी पर फूटा गुस्सा, स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत पर उठे सवाल ?

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ सुरेन्द्र बघेल**

**रायगढ़ ।** घरघोड़ा विकासखंड के डोकरबुड़ा गांव में ब्लैक डायमंड एक्सप्लोसिव कंपनी के खिलाफ जनता का आक्रोश अब चरम पर पहुंच गया है। प्रशासन की कथित मिलीभगत और संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं और पुरुषों ने अपनी जमीन बचाने के लिए एक स्वर में घोषणा की कि वे अपनी भूमि का एक इंच भी नहीं देंगे, चाहे उन्हें इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े।

**संवैधानिक नियमों को ताक पर रखकर दिया डायवर्सन :** ग्रामीणों का आरोप है कि डोकरबुड़ा गांव, जो कि अनुसूचित क्षेत्र में आता है, वहां किसी भी उद्योग या परियोजना के लिए ग्राम सभा की अनुमति आवश्यक होती है। लेकिन ब्लैक डायमंड कंपनी को कथित रूप से प्रशासन के संरक्षण में भूमि का अवैध डायवर्सन दिया गया। एसडीएम घरघोड़ा और नायब तहसीलदार द्वारा आपत्तियों को नजरअंदाज कर कंपनी को जमीन सौंप दी गई, जिससे ग्रामवासियों का गुस्सा फूट पड़ा।

**ग्राम सभा की अवहेलना और वन विनाश :** गांव की महिलाओं ने अपने घरेलू कामकाज छोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांग की कि इस अवैध डायवर्सन को तत्काल निरस्त किया जाए। वर्तमान में कंपनी जंगलों में पेड़ों की कटाई और जमीन की खुदाई कर रही है, जिससे



न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका भी खतरे में पड़ गई है। यह स्पष्ट रूप से पंचायत अधिनियम, 1996 (PESA Act) और भूमि अधिग्रहण अधिनियम का खुला उल्लंघन है।

**प्रशासन पर गंभीर आरोप, एसडीएम को निलंबित करने की मांग :** ग्रामीणों ने एसडीएम घरघोड़ा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके निलंबन की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम ने ब्लैक डायमंड कंपनी के साथ सांठगांठ कर ग्राम सभा की अनुमति के बिना ही अवैध रूप से डायवर्सन कर दिया। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस निर्णय को रद्द नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**भाजपा नेता पर भी आरोप, जनता में रोष :** गांववासियों का आक्रोश सिर्फ प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक स्थानीय भाजपा नेता पर भी आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह नेता प्रशासन के संरक्षण में जंगल में जेसीबी से खुदाई करवा रहे हैं और खुद को सांसद का करीबी बताकर कंपनी के हित में काम कर रहे हैं। इससे नाराज ग्रामीण अब एसडीएम कार्यालय का घेराव करने और सड़क जाम करने की चेतावनी दे रहे हैं।

**क्या प्रशासन करेगा न्याय या फिर भड़केगा जनसैलाब?**


इस पूरे मामले ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या जिला प्रशासन अब ग्रामवासियों की मांगों पर ध्यान देगा या फिर अपने रसूखदार नेताओं और कंपनियों के हितों की रक्षा करेगा? अगर जल्द ही न्यायसंगत फैसला नहीं लिया गया, तो रायगढ़ में एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# छड़ीमार होली के उल्लास में डूबे श्रद्धालु , विदेशी मेहमानों ने की खूब मस्ती

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** गोकुल की कुंज गलिन में भगवान होली खेलने निकले तो श्रद्धा के बादल छा गए। छड़ीमार होली का उल्लास में सभी सराबोर हो गए। गोकुल का कण-कण भगवान की भक्ति में रंगकर, भक्त झूम उठे। सुधबुध खोकर श्रद्धालु छड़ीमार होली का आनंद लेते रहे।

धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने पहली होली गोकुल में ही खेली थी। भगवान का बाल स्वरूप होने के कारण गोकुल में छड़ीमार होली होती है। गोकुल की गलियों में सुबह से ही आस्था का रंग बरस रहा था। श्रद्धालु होली खेलने को व्याकुल थे। नंदभवन नंदकिला मंदिर में आस्था का रंग गाढ़ा होता जा रहा था। बैंडबाजों की धुन पर श्रद्धालु झूम रहे थे। मुरलीधर घाट पर पहुचंने के लिए भगवान का डोला सज गया था। हुरियारिनें दूध पीकर छड़ी बरसाने को व्याकुल हो रहीं थीं। मंदिर से जैसे ही डोला भगवान श्रीकृष्ण-बलराम के स्वरूप के साथ मुरलीधर घाट की ओर बढ़ा तो तीनों लोकों की मस्ती गोकुल में सिमट गई। श्रद्धा के फूलों से गलियां महक उठीं। ठाकुरजी फूलों की होली खेलते हुए मुरलीधर घाट की ओर बढ़ रहे थे। बैंडबाजों की



धुन पर श्रद्धालु झूम रहे थे और सभी होली की मस्ती में सराबोर हो गए। घोड़ों पर चल रहे द्वारपाल भगवान के आने का संकेत दे रहे थे। मुरलीधर घाट पर छड़ीमार होली शुरू हुई तो मस्ती की थाह नहीं रही। अबीर-गुलाल के बदरा छा गए। सोलह श्रृंगार किए हुरियारिनों जिधर छड़ी चलातीं, उधर ही भगदड़ मच जाती। प्रेम पगी छड़ियों खाकर हुरियारे भी निहाल हो रहे थे। हुरियारिनें छड़ी बरसाती रहीं और हुरियारे छड़ी खाते रहे।

श्रद्धालुओं को भी इस नयनाभिराम होली में परमानंद मिल रहा था। मुरलीधर घाट पर छड़ीमार होली का रंग जम गया। यहां से ठाकुरली का डोला अबीर-गुलाल की होली खेलते हुए मंदिर की ओर बढ़ा। ठाकुरजी के मार्ग में अबीर-गुलाल के बदरा छा गए। ठाकुरजी की जय-जयकार ने वातावरण में श्रद्धा का रंग भर दिया। श्रद्धालु एक-दूसरे पर रंग भी डाल रहे थे। मंदिर पर पहुंचने पर छड़ीमार होली का समापन संध्या आरती से हुआ। हुरियारिनों को फगुला दिया गया। श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में यमुना किनारे होली चबूतरा पर छड़ीमार होली शुरू हुई। गोकुल में यमुना किनारे हो रहे इस भव्य आयोजन का हिस्सा विदेशी मेहमान भी बने। उन्होंने कहा ये दृश्य अलौकिक है। ब्रज को होली के बारे में उन्होंने जो सुना था, उससे कहीं अधिक ये अद्भुत है। गोकुल में यमुना किनारे स्थित नंद किले के नंद भवन में ठाकुर जी के समक्ष राजभोग रखा गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम होली खेलने के लिए मुरली घाट को निकले। बाल स्वरूप भगवान के डोला को लेकर सेवायत चल रहे थे। उनके आगे ढोल-नगाड़े और शहनाई की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़न रही थी। पुलिस ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। गोकुल की होली का आंनद लेने के लिये डीएम सीपी सिंह और डीआईजी शैलेश पांड़े भी पहुंच गये। गोकुल की छड़ीमार होली खेलने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। इस उत्सव का आयोजन यहां सदियों से चला आ रहा है। प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए आज भी हर साल यहां छड़ीमार होली का आयोजन किया है। छड बचपन में कान्हा बड़े चंचल हुआ करते थे। गोपियों को परेशान करने में उन्हें बड़ा आनंद मिलता था, इसलिए गोकुल में कान्हा के बालस्वरूप को अधिक महत्व दिया जाता है। नटखट कान्हा की याद में हर साल यहां पर छड़ीमार होली का आयोजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि बालकृष्ण को लाठी से चोट न लग जाए, इसलिए यहां लाठी की जगह छड़ी से होली खेली जाती है। ब्रज की होली को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। सड़क से लेकर मंदिर तक पुलिस का कड़ा पहरा रहा। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय और जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी आदेश कुमार स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

## हीरो हाण्डा आटो पार्ट्स का उद्घाटन किया ! आशीष सिंह सिसौदिया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बाराबंकी। रामसनेही घाट क्षेत्र के लोध पुरवा में रोहित हीरो हाण्डा आटो पार्ट्स की दुकान का उद्घाटन समाजसेवी आशीष सिंह सिसौदिया द्वारा किया गया। दुकान का फीता काटकर दुकान का उद्घाटन कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सिसौदिया ने कहा हम समाज की सेवा कर रहे हैं और जनसेवक है। बिना किसी भेद-भाव के हर घर पहुंचकर सेवा करना हमारा कर्तव्य है वह हम कर रहे हैं।इस समय जो भी मोतियाबिंद के मरीज हमारे ब्लाक बनीकोडर के हैं उनको हम आपरेशन के लिए 2500 रुपये दे रहे हैं इसी के साथ जो भी विकलांग है चलने में असमर्थ है और उसे ट्राई साइकिल की धनराशि भी दी जा रही है।हम दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में निरन्तर सेवा कर रहे हैं। उक्त विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर जिला संवाददाता राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी, पत्रकार पतीराम, कमलेश्वर तिवारी, पंकज शुक्ला,अमित गुप्ता, महेश कुमार प्रधान,तौफीक खा पूर्व प्रधान कामता प्रसाद, रोहित कुमार , सर्जन लाल, मिथलेश वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, शारदा प्रसाद, रामू ,सतीश वर्मा, विशाल वर्मा,कुसुमेश वर्मा, सहित काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# मेवात की 15000 महिलाओं को बनाया जाएगा लखपति दीदी कॉल की थी

## महिलाओं की निर्भरता परिवार के उत्थान में निभाती है अहम भूमिका - प्रदीप अहलावत

**नूंह,नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने महिला दिवस के अवसर पर लखपति दीदी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात की 15000 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। महिलाओं की आत्मनिर्भरता परिवार के उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया की सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मेवात में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा 45000 से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में जोड़ा गया है। उन्हें 4.75 करोड़ की राशि रिवोलविंग फंड तथा 16.71 करोड की राशि सीआईएफ के रूप में दी



जा चुकी है। इसके अलावा बैंक ने भी समूह की महिलाओं को 76.40 करोड़ की राशि अब तक बैंक लोन के रूप में गरीब परिवारों को आजीविका उपार्जन के लिए उपलब्ध कराई गई है। स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं टेराकोटा, चंगेरी, बैग, दरी, डेरी, मशरूम, मसाला, लेदर क्राफ्ट, कपड़ा, मूढा तथा बाजरे के 35 से अधिक आइटम बनाकर मार्केट में दे रही हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा 71 लाख रुपए की राशि सीआईएफ तथा 14.40 लाख रुपए की राशि रिवोलविंग फंड के रूप में वितरित की गई। इस अवसर पर महिलाओं समूहों में जुडने से उनके जीवन में आये बदलाव के अपने अनुभव को सांझा किया तथा 14 लखपति दीदीओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल रब असरी ने विकलांग व विधवा महिलाओं को समूहों में जोडने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारी मुबारिक हुसैन डीएफएम, महमूद डीएफएम, सुभाष खण्ड कार्यक्रम अधिकारी, मुस्ताक अहमद, परवेज आलम कलस्टर, हंसराज लेखाकार, कोऑर्डिनेटर मनीषा, सुमन, पूजा, नासिर हुसैन तथा सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कलस्टर फेडरेशन के पदाधिकारी व उनके स्टाफ सीमा, मैना, सोनिया, सोनू, जानिस्ता भी मौजूद रहे।

**बौद्धगया मंदिर प्रबंधन को लेकर विवाद**

## बौद्ध समाज के लोगों ने मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम सौंपा विज्ञापन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

पीलीभीत भीम आर्मी के साथ कलेक्टर परिसर पहुंचे बौद्ध समाज के लोगों ने राष्टपति द्रोपति मुर्मू को भेजे गए एक विज्ञापन में महाबोधि बिहार की प्रबंधन व्यवस्था मैं बदलाव की मांग की गई है वर्तमान में बोधगया स्थित इस विश्व धरोहर की प्रबंध सीमित में पंच ब्राह्मण और चार बौद्ध सदस्य हैं बौद्ध समुदाय का कहना है कि महाबोध बिहार बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र स्थल है। जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहीं से उन्होंने विश्व को शांति, समता, करुणा और मैत्री का संदेश दिया

विज्ञापन में आरोप लगाया है कि ब्राह्मण समुदाय के लोग मंदिर में भगवान बुद्ध की मूर्तियां को हटाकर शिवलिंग और अन्य हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित कर रहे हैं। बौद्ध समुदाय का कहना है बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 का उल्लंघन करता है

### समुदाय की मुख्य मांगे हैं

■बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को तत्काल निरस्त किया जाए*

■मंदिरों को ब्राह्मण के कथित अवैध कब्जे मुक्त कराया जाए*

■ *नहीं प्रबंध सीमित का गठन किया जाए जिसमें सभी सदस्य बुद्ध समुदाय के हो*

विज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है की बौद्ध भिक्षु इस मुद्दे को लेकर आंदोलन और आमरण अनशन कर रहे हैं

# जल संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाए सम्मानित

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बलौदाबाजार।अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रोहरा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और गांव में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए जिनमें शिक्षा स्वास्थ्य स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं



की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और गांव की अन्य महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर जल संरक्षण की जिम्मेदारी जल की बचत से सुरक्षित भविष्य समाज में जल संरक्षण की जागरूकता पर्यावरण संरक्षण आदि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई।कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजकुमार कोसले एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट की जिला कोडिनेटर संगीत मसीह बिहान क्लस्टर अध्यक्ष दुलारी निषाद उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू पीआरपी गुलाबी नौरंगे नम्रता जोगी कविता साइमन निर्मला मसीह उपस्थित रहे।

सफाईकर्मी नहीं करते ड्यूटी

# गांव के बजाय ब्लॉक जहाँगीरगंज कार्यलय में करते हैं कार्य, ग्रामीण परेशान अधिकारी मेहरबान

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर।** जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक जहाँगीरगंज के लगभग दर्जनों से अधिक ऐसे गांव हैं जहां पर सफाईकर्मी वेतन तो लेते है लेकिन ड्यूटी के नाम पर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति करते हैं । जहां पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी पूरे देश में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं वहीं पर स्वच्छता के नाम पर वेतन लेने वाले बिल्कुल भी काम पर नदारत रहते हैं , सफाईकर्मी की वजह से इनके ऊपर किसी की नजर नहीं पड़ती ही ।इसी प्रकार ब्लॉक जहाँगीरगंज में ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई में तैनात सफाईकर्मी कार्यलय का काम तो करते है , ग्राम पंचायत की साफ सफाई में तैनात सफाईकर्मी कार्यालय का कंप्यूटर आपरेटर , बाबू का काम रहे है साथ ही अन्य काम निपटाने में लगे हुए हैं लेकिन वे गांव की साफ सफाई का काम नहीं करते जिससे दर्जनों गांव के ग्रामीण परेशान हैं । जिले के जिलाधिकारी महोदय , मुख्य विकास अधिकारी महोदय, तथा डीपीआरओ साहब । एक नजर अपने जनपद के विकास खंड जहांगीरगंज के ग्रामीण सफाईकर्मियों पर डालें तो पता चलेगा कि कितने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है । जिससे ग्रामीण गंदगी से बेहद परेशान रहते है । तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में आते रहते हैं । अम्बेडकर नगर जिले के विकास खण्ड़ जहाँगीरगंज कार्यलय मे कइ ग्राम पंचायतों की साफ सफाई के लिए पद पर है सफाईकर्मी ग्राम पंचायतों में नहीं बल्कि व्लाक कार्यलय में पानी पिलाने से लेकर कार्यलय के अन्य काम काज को निपटाने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये उच्च अधिकारियों की छवि को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं ।जहां पर उन्हें गांव में होना चाहिए वहीं पर वे ऑफिस का काम देख रहे हैं सफाई कर्मी अनिल कुमार , ब्लॉक कार्यालय के बाबू मनोज वर्मा कम्प्यूटर आपरेटर अच्छेलाल कुमार आपरेटर दिलीप कुमार , बाबूलाल ,रमेश कुमार कम्प्यूटर आपरेटर कंप्यूटर चला रहे हैं कार्यलय का काम कर रहे हैं सहित आदि सफाई कर्मी लोग ,यह सफाई कर्मचारी दोनों कार्यालय वीडियो व ऐडिओ पंचायत कार्यालय के चक्कर सफाईकर्मी अपने काम पर नहीं जाते और वही सफाई कर्मी पप्पू कुमार की व्लाक के क्षेत्रीय गांव में लगी डियुटी पर समय पर नहीं जाते हैं डियुटी करने आये दिन घूमते रहते हैं तहसील आलापुर, जिला मुख्यालय व्लाक पर। विकास खण्ड़ जहाँगीरगंज में जो ग्राम सभाएं हैं जिनमें लगभग 80 से 90 गाँव के साफ-सफाई के लिए नियुक्त किए गए सफाई कर्मचारियों में से वर्तमान में सफाईकर्मी आज भी तैनात हैं ।बावजूद सफाई कर्मचारियों के ग्राम पंचायतों में गंदगी फैली हुई है, जिसके कारण ग्रामीणों को स्वयं आगे आकर अपने घर के सामने और सड़क और नालियां साफ करनी पड़ रही है,गांव में डीहबाबा, मंदिरों सार्वजनिक स्थानों का स्कूलों का समय से साफ सफाई भी नहीं हो पाती । ब्लॉक जहांगीरगंज के कई ऐसे ग्राम पंचायत है जहां सफाई कर्मचारी समय से ड्यूटी पर जाते ही नहीं है और ना ही करते हैं गांव में साफ सफाई अपने मन से आते हैं और अपने मन से चले जाते हैं और बात करने पर राजनैतिक दलों का सहारा लेने लगते हैं ।एक सर्वे पर ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में पिछले महीने से कोई सफाईकर्मी नहीं आया है जिससे परेशान हम लोगों ने स्वयं ही हाथों में झाड़ू उठा ली और खुद ही रास्ता और घर के सामने नाली का कचरा साफ कर रहे हैं। लगभग 3 से 7 सफाई कर्मचारी है पहले वह सफाई कर्मचारी हैं एडिओ पंचायत सहायक के कामकाज और कागज को देखते हैं देख-रेख करते हैं और मोहर लगाते हैं कागज पर और वही लगभग दो ऐसे सफाई कर्मचारी हैं जो कंप्यूटर ऑपरेटर आइजीआरएस की रिपोर्ट और भी काम देखते हैं की पद जो कंप्यूटर ऑपरेटर पद का कार्य निभा रहे हैं और व्लाक के हर गांव में ग्राम विकास अधिकारियों के देख रेख मे गाँव में एक-एक सफाई कर्मचारी की गई नियुक्त है। वहीं जिले के विकास खण्ड़ जहाँगीरगंज में बैठे खण्ड़ विकास अधिकारी के व्दारा लगभग छह सफाई कर्मियों से अपने कार्यलय की ड्यूटी कंप्यूटर ऑपरेटर का काम और आईजीआरएस काऔर भी काम करावा रहे हैं खंड विकास अधिकारी के कार्यालय कर रहे हैं डियूटी कागज में लगी है गांव में सफाई कर्मचारियों डियूटी ।



## संक्षिप्त समाचार

### नवीन फार्मेसी संस्थान के प्रबन्धक की जमानत अर्जी खारिज

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** धोखाधड़ी के मामले में आरोपी नवीन फार्मेसी संस्थान व ज्ञान इस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस अलमापुर अमरतल के प्रबन्धक की जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह ने खारिज कर दी। मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र का है। बीते माह दो फरवरी को सम्मनपुर थाने में प्रधानाचार्य नोडल अधिकारी छत्रपति साहू जी महराज राजकीय पॉलीटेक्निक आरके सरोज ने सम्मनपुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि डीएम द्वारा बीते माह 31 जनवरी को दिए गए निर्देश एवं समिति की बैठक कार्यवृत्त में नवीन फार्मेसी संस्थान व ज्ञान इस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस अलमापुर अमरतल के प्रबन्धक/मैनेजिंग डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत अभिलेख फर्जी होने के साथ कूटरचित होना पाया गया। सत्र न्यायालय में आरोपी इन्द्रजीत सिंह पुत्र अम्बिका प्रसाद सिंह की ओर से दिए गए जमानत अर्जी पर डीजीसी क्रिमिनल गोविन्द श्रीवास्तव ने विरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने अपने मुवक्किल के समर्थन में तर्क दिए। अपराध की गम्भीरता के दृष्टिगत जिला जज ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### बैनामा वाली जमीन पर किया कूटरचना व विश्वासघात गिरफ्तार



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर पुलिस द्वारा दिनांक 11.03.2025 को पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 68/2025 धारा 316(2) /318(4) /319(2) /336(4) /338/340(2) /61(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये श्याम राज वर्मा पुत्र राम अशीष वर्मा निवासी ग्राम पखनपुर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर हाल पता गोलाघाट थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर,हरिप्रसाद उर्फ बिण्डल पुत्र राम लखन निवासी हेम सिंह का पुरवा रामनगर थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया । दिनांक 24.01.2025 को थाना स्थानीय पर वादी द्वारा तहरीर दिया गया था कि गाटा संख्या 292(ख) बैनामा वाली जमीन पर अभियुक्तगणो ने मिलकर कूटरचना व विश्वासघात तथा फ्राड किया के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0068/2025 धारा 316(2)/ 318(4)/ 319(2)/ 336(4)/ 338/340(2) /61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत कराया गया । मुकदमा उपरोक्त में श्याम राज वर्मा पुत्र राम अशीष वर्मा निवासी ग्राम पखनपुर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर हाल पता गोलाघाट थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर एवं हरिप्रसाद उर्फ बिण्डल पुत्र राम लखन निवासी हेम सिंह का पुरवा रामनगर थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर का नाम प्रकाश में लाते हुये अन्तर्गत धारा 316(2)/ 318(4) /319(2) /336(4) /338/340(2)/ 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा, घटना की वजह अब भी रहस्य

### एक ही चिता पर हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अयोध्या।** सुहागरात के दिन दूल्हे ने रात करीब 12 बजे पहले दुल्हन को मौत के घाट उतारा। इसके बाद लगभग आधे घंटे तक वह कमरे में ही बैठा रहा। कुछ देर बाद ही खुद भी फंदे से लटककर दी जान। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। हालांकि घटना की वजह अब भी रहस्यमय बनी हुई है। कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज मुरावन टोला निवासी प्रदीप कुमार और खंडासा थाना क्षेत्र के डीलीसरैया निवासी मंतूराम की पुत्री शिवानी की शादी 7 मार्च को हुई थी। शनिवार को विदा होकर दुल्हन ससुराल पहुंची। सभी रस्मों-रिवाजों को निभाते हुए रात में लगभग 11 बजे प्रदीप अपने कमरे में दुल्हन के पास चला गया। इस दौरान दोनों सामान्य अवस्था में राजी-खुशी से रहे। सुबह दोनों का शव मिलने से परिवार में हलचल मच गई। मौके पर पुलिस को घटनास्थल से प्रदीप का मोबाइल फोन मिला था, वहीं दुल्हन के पास कोई फोन नहीं था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, लेकिन अब तक घटना की मूल वजह तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने घटना की तस्वीर कुछ साफ की है। रविवार की अपराह्न लगभग तीन बजे दुल्हन का पोस्टमार्टम हुआ था। डॉक्टरों के अनुसार पोस्टमार्टम के समय दुल्हन की मौत लगभग 15 घंटे पहले हुई थी। जबकि 03=30 बजे प्रदीप के शव का पोस्टमार्टम हुआ, इस समय तक लगभग 15 से 16 घंटे पहले उसकी मौत का अनुमान लगाया गया। दुल्हन की हत्या के बाद प्रदीप लगभग आधे घंटे अपने कमरे में ही था।

# ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर मानक विहीन किया जा रहा निर्माण....

### सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दिखा रहे ठेंगा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार**



**अम्बेडकर नगर ।** जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को ठेंगा दिखाते हुए ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर मानक विहीन निर्माण कराया जा रहा है। ताजा मामला जलालपुर तहसील के सलाहपुर अकबालपुर में निर्मित हो रहे 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र धवरुआ से संबंधित है। जहां मानक विहीन कार्य होने के चलते ग्राम वासियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। पहचान गुप्त रखने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन बेखौफ ठेकेदार का काला कारनामा लगातार जारी है जिसे लेकर लोगों में जमकर आक्रोश है ।पीली ईंटों के सहारे हो रहा मानक विहीन निर्माण कितना दिन टिक सकेगा इस प्रश्न को उठाते हुए समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी ने उच्च स्तर तक मामले को उठाने की चेतावनी दी है।

### 61 जिन्दा कछुए बरामद दो गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** जिले की लम्भुआ पुलिस के मुताबिक चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व तलाश वांछित अपराधी व दबिश के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चौकिया तिराहा से स्टेशन रोड कस्बा लम्भुआ को जाने वाली रोड मे स्थित भटौलिया बाग से दो व्यक्तियो जिनका नाम दिलीप पुत्र बाबू(पथरकट) सोनू पुत्र बाबू(पथरकट) निवासी ग्राम पकड़ी थाना कोतवाली देहात जनपद सुलतानपुर को 4 बैग के साथ हिरासत पुलिस मे लिया गया बैग को खोलकर देखा गया तो उसमे 61 जिन्दा कछुए बरामद हुए जिनकी मौके पर फर्द बनाकर दोनो को नियमानुसार हिरासत पुलिस मे लेकर थाना हाजा आकर दोनो के विरूद्ध थाना लम्भुआ पर मु0अ0सं0 0086/2025 धारा 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 1972 लिखकर जेल भेजा जा रहा है ।

# पत्रकार के परिवार की सहायता के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

### पत्रकारों की सुरक्षा व पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** सीतापुर के पत्रकार की हुई हत्या के विरोध में जलालपुर के पत्रकारों ने भी घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी जलालपुर पवन जायसवाल को सौंपा ।पत्रकारों ने कहा कि तहसील महोली में निर्भीक पत्रकारिता के कारण राघवेंद्र वाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दीगयी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष नियाज तौहीद सिद्दीकी व जिला मंत्री सत्यप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मांगे रखीं और मृतक पत्रकार के परिवार की सहायता के लिए आवाज उठाई। प्रमुख मांगो में हत्या में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई,मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा,एक परिजन को सरकारी नौकरी और भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा व पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की मांग शामिल रही। ज्ञापन के समय उपजिलाधिकारी पवन जायसवाल, तहसीलदर पद्ममेश श्रीवास्तव,सीओ अनूप कुमार सिंह व कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। उक्त अवसर पर पत्रकार,ओंकार शर्मा ,आरपी सिंह,गिरीश मिश्रा, जितेंद्र भार्गव, गोपाल सोनकर, विकाश निषाद समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# अधूरे कागजात का हवाला देकर कंपनी नहीं दे रही बीमा का लाभ

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** टांडा रोड स्थित मारुति एजेंसी व द न्यू इंडिया बीमा कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारी की लापरवाही का खामियाजा एक वाहन स्वामी को भुगतना पड़ रहा है। वाहन का इंश्योरेंस कराने के बावजूद उसे क्लेम का लाभ नहीं मिल पा रहा। पीड़ित ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की है। डीएम को भेजे शिकायती पत्र में अहिरौली थाना क्षेत्र के मरथुआ सरैया, सतरही निवासी विजय पांडेय ने कार्रवाई की मांग की है। बताया कि वह 23 अगस्त 2024 को रगड़गंज स्थित मारुति एजेंसी से अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए वैगनार वीएक्सआई सीएनजी कार खरीदा। उसका ऑल इंडिया कार्मशियल परमिट भी लिया। द न्यू इंडिया फाइनेंस कंपनी ने बीमा किया। इसके लिए 23 हजार 306 रुपए भी लिए। बीते फरवरी माह में उसकी कर मथुरा पलवल हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस पर क्लेम के लिए उसने बीमा कंपनी के पास दावा किया। इस पर बीमा कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि उसके वाहन के सभी कागजात उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में बीमा क्लेम मिल पाना संभव नहीं है।

# पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित कर निकाला गया कैंडल मार्च

### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा कानून, मृतक पत्रकार के परिवार को नौकरी, 1करोड़ राशि मांग की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

रामसनेही घाट बाराबंकी। सीतापुर जनपद महोली के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हुई नृशंस हत्या के विरोध में रामसनेहीघाट के पत्रकारों व किसान यूनियन के पदाधिकारी ने एकजुट होकर भिटरिया छोटी हनुमानगढ़ी से कैंडल मार्च तहसील मुख्यालय तक निकल कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। पत्रकार की ताबड़तोड़ फायरिंग से हुई हत्या के विरोध में स्थानीय पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों ने भिटरिया चौराहे छोटी हनुमानगढ़ी पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में किसान यूनियन के नेता राम सुरेश तिवारी ने हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की,किसान यूनियन के नेता मायाराम ने परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व एक करोड रुपए मुआवजा देने की मांग सरकार से की। पत्रकार अमर बहादुर सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा कि एक निर्भीक ईमानदार पत्रकार को बड़ी साजिश के तहत नृशंस हत्या की गई है यह एक पत्रकार की हत्या नहीं वरन् पूरे पत्रकार समाज की हत्या है मुख्यमंत्री से उम्मीद है कि ऐसे हत्यारों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई और परिवार की आर्थिक सहायता बच्चों की शिक्षा के साथ पत्नी को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे हत्याकांड का विरोध करते हुए पत्रकारों ने जुलूस निकाला जुलूस में राघवेंद्र बाजपेई अमर रहे, हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे गूंजते रहे पत्रकारों ने सरकार से कई मांगे रखी ज्ञापन में बताया कि 8 मार्च को




सीतापुर जिले के तहसील महोली के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई को कुछ लोगों ने निर्भीक व निडर पत्रकारिता के चलते गोली मारकर दिनदहाड़े मौत के घाट उतार दिया। मृतक पत्रकार के परिवार को एक सरकारी नौकरी व पत्नी को एक करोड रुपए मुआवजा के साथ ही भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर श्रीकांत तिवारी,प्रभात अवस्थी,रामबाबू मिश्रा,राकेश श्रीवास्तव,पंडित कमलेश्वर तिवारी मोनू,अमर बहादुर सिंह, अजय तिवारी,दिनेश तिवारी, राजेंद्र त्रिवेदी,रामनारायण मिश्र, अमर सिंह राणा,राम प्रकाश गुप्ता,आलोक त्रिवेदी मानबहादुर सिंह,अमित गुप्ता,किसान यूनियन के नेता राम सुरेश तिवारी,मायाराम यादव सहित क्षेत्रीय सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

# शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित करता है । इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर, बसखारी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया । आयोजन मुख्य अतिथि नीरज देवी अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति ,शीला देवी उपाध्यक्ष ,दिनेश नारायण सिंह सचिव / प्रधानाध्यापक,गंगेश कुमार ग्राम प्रधान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापक दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि सर्व प्रथम 50मीटर, 100मीटर दौड़, रस्सा कसी , सुलेख और कला प्रतियोगिता हुई। इसके बाद रंग मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देश गीत, होली नृत्य, शिक्षा जागरूकता एकांकी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ लघु नाटिका की प्रस्तुति बच्चों ने उत्साह पूर्वक किया। अतिथियों द्वारा सभी विजेता बालक बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यापक सुबास, राजितराम, अनिल कुमार, मोनिका यादव, शिक्षा मित्र कुसुमलता देवी, श्रीमती शान्ति देवी सहित अभिभावक दीपक कुमार, रणजीत कुमार,शीला देवी, प्रेमलता, मंजू देवी आदि के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं की भी उपस्थिति उल्लेखनीय थी। प्रधानाध्यापक ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया। राष्ट्रगीत के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# आर.सी.लाल.मेमौ कान्वेंट स्कूल में बच्चों ने मनाई होली

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत-** बरखेड़ा आर.सी.लाल.मेमौ कान्वेंट स्कूल ज्योरहकल्यानपुर में आज मंगलवार को छोटे बच्चों की परीक्षा का समापन होने के बाद होली के उपलक्ष्य में छुट्टी से पूर्व स्कूल में रंग गुलाल की होली खेलकर अपने साथियों के साथ मौज मस्ती की स्कूल के प्रबंधक विश्व देव गंगवार ने बच्चों को होली पर्व पर सूखे रंग से होली खेलने की सलाह दी उन्होंने कहा गीले रंग का प्रयोग न करें गीले रंगों से चेहरे की त्वचा पर तरह तरह के इंफेक्शन होने का खतरा रहा है एवं होली खेलने बाहर न जाए होली अपने घर व परिवार के ही साथ खेले ।बच्चों ने रंग गुलाल अपने गुरुजनों के साथ लगाकर रंगों का पर्व मनाया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य श्याम देव गंगवार,शोहित गंगवार, कृष्ण पाल, कनक शर्मा, मधु शर्मा काशीफा अंसारी, फिज़ा अंसारी, हरविंदर कौर, शालिनी, शिवानी रस्तोगी, सोनी गंगवार, शिवानी गंगवार, महरीन मलिक सहित स्कूल का स्टाफ मैजूद रहा।

# रायबरेली जनपद रायबरेली में लैप इंडक्शन संबंधी 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बैच संपन्न हुआ

**धर्मवीर यादव ब्यूरो रायबरेली**



प्रशिक्षण में डॉ दीपिका सिंह जिला महिला चिकित्सालय रायबरेली, डॉ आरती त्रिपाठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन, डॉ अशोक कुमार जिला चिकित्सालय जनपद गोंडा, डॉ सुनीता सिंह श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त प्रशिक्षण जनपद में 27 फरवरी से टेलीमेडिसिन सेंटर जिला चिकित्सालय में दिया गया। जिसमें डॉ प्रदीप अग्रवाल सर्जन जिला चिकित्सालय एवं डॉ महमूद अख्तर सर्जन सीएचसी ऊंचाहार के द्वारा प्रतिभागियों को लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला नसबंदी के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में चार स्टाफ नर्स श्रीमती कायनात, श्रीमती प्रतिमा, श्रीमती रूपा नायर, एवं श्रीमती भारती पाल को भी नसबंदी कार्य में सर्जन टीम को सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सीएम डॉ प्रदीप अग्रवाल ,सी एम एस डा निर्मला साहू, डॉ अल्ताफ , डॉ शरद कुशवाहा के द्वारा भी प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली को नोडल ट्रेनिंग सेंटर के रूप में नामित किया गया था जिसके क्रम में जनपद के दो चिकित्सकों के साथ ही जनपद गोंडा एवं जनपद लखनऊ के चिकित्सक को लैप इंडक्शन संबंधी प्रशिक्षण डॉ प्रदीप एवं डॉ महमूद अख्तर के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी एस अस्थाना, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण वर्मा उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के पश्चात इनके द्वारा स्वतंत्र रूप से नसबंदी ऑपरेशन किए जा सकेंगे। जिससे आम जनमानस को सुविधाएं उपलब्ध कराने में आसानी होगी। प्रशिक्षण को पूर्ण कराने में जिला परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार -भेजा जेल

## करारी कोतवाली प्रभारी विनीत सिंह के नेतृत्व में गठित ने किया चोरी खुलासा

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो - कौशाम्बी**




कौशाम्बी ।क्षेत्र के रहने वाला एक युवक बीते दिनो गांव के ही युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर करारी थाना में केस दर्ज कराया था ।केस दर्ज होने के बाद करारी पुलिस ने खुफिया तंत्र का सहारा लिया ।मंगलवार को पुलिस ने मोबाइल चोर को क्षेत्र के अमीनपुर सवरों पुलिया के पास से चोरी के मोबाइल के साथ दबोच लिया ।पुलिस ने लिखापढ़ी कर उसका चालान न्यायालय कर दिया ।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

करारी क्षेत्र के अमीनपुर सवरों गांव का रहने वाला ओम प्रकाश पुत्र राज बहादुर ने चार फरवरी को करारी थाना में गांव के ही रहने वाले फैजान पुत्र महबूब आलम के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मोबाइल चोरी का केस दर्ज कराया था ।केस दर्ज होने के बाद करारी थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह अपने अधीनस्थों को मोबाइल चोरी के मुकदमे का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया ।इस पर उप निरीक्षक सुभाष यादव व आरक्षी नितेंद्र बघेल ने खुफिया तंत्र का प्रयोग करते हुए मंगलवार को क्षेत्र के अमीनपुत्र सवरों पुलिया के पास से मोबाइल चोर फैजान को दबोच लिया ।पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल को बरामद कर लिया है ।पुलिस ने संबंधित करवाई करते हुए फैजान को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पर लगाए गए फर्जी आरोप, दबाव बनाने की कोशिश

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**




**आगरा ।** थाना खेरागढ़ पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित अभियुक्त रामगोपाल को गिरफ्तार किया। आरोपी पर 24 दिसंबर 2024 को चोब सिंह की हत्या कर शव को कागारौल नहर में छुपाने का आरोप है। इस मामले में मृतक की पत्नी द्वारा 29 दिसंबर 2024 को एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर थाना खेरागढ़ में मु0अ0सं0 235/2024 धारा 103/238 (बी) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही तफ्तीश के बाद आज मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त डूगरबाला मोड़ के पास मौजूद है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और मौके से बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद की।

पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि 24 मई 2024 को मृतक चोब सिंह के बेटे रामवतार ने उसके भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी का बदला लेने के लिए उसने 24 दिसंबर को चोब सिंह को नहर में डुबोकर मार डाला। पुलिस की इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के बाद आरोपी के परिजन बौखला गए और पुलिस पर फर्जी आरोप लगाने लगे। परिजनों ने पहले भी आरोपी की गिरफ्तारी रोकने के लिए दबाव बनाया था और अब जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, तो वे इसे एक पुराने केस से जोड़कर मामले को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। खेरागढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं और गिरफ्तारी पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर की गई है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं और केवल दबाव बनाने की कोशिश हैं। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई नियमानुसार होगी।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, उपनिरीक्षक रामपाल, उपनिरीक्षक बरदानी लाल, उपनिरीक्षक (प्रशिक्षु) अजय तोमर और हेड कांस्टेबल प्रमेश कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दबाव में आकर न्यायिक प्रक्रिया में बाधा नहीं आने दी जाएगी।

# रानी सती मंदिर में फाल्गुन एकादशी पर श्याम कीर्तन गया श्याम कीर्तन का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीतापुर। शहर के आर्यनगर स्थित श्री रानी सती मन्दिर से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम प्रभु की फाल्गुन एकादशी पर सुबह से श्याम बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा वहीं खाटू वाले के दरबार में बाबा का श्रृंगार देखने को बाबा के भक्तों का तांता लगा रहा बाबा के उत्सव पर सायं को भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें अपने मीठे मीठे भजनों से रिझाने (कानपुर) से आए तरंग मुकेश जिन्होंने फाग्नियो मेलो सतरंगी भजन पर पर भक्तों को खूब रिझाया , शिवम लाडला (गाजियाबाद) द्वारा हम तो बाबा के दीवाने भजन पर लोगों ने समा बांधा वहीं तुषा पाण्डया (नोएडा) द्वारा आ गया मै खाटू वाले दुनिया डरी छोर के भजन पर भक्तों को खूब रिझाया मुख्य आकर्षण बाबा का भव्य श्रृंगार ,बाबा की अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग रहा मौके पर मंदिर कमेटी दादी बाबा परिवार के सदस्य अंजनी लाठ, अशीष अग्रवाल,सुनील अग्रवाल, ऋषि जायसवाल, आदि भक्त मौजूद रहे।

# त्योहारों से पहले सतर्क हुई पुलिस

## द्व( आने-जाने वाले वाहनों को किया चेक, संदिग्धों पर पैनी नजर

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**



**आगरा।** होली पर्व के साथ अन्य त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए डीसीपी सिटी सोनम कुमार के आदेश पर थाना रकाबगंज डिवीजन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राहुल कुमार राणा, उप निरीक्षक अंकित तोमर, उप निरीक्षक सूरज चौहान ने पुलिस टीम के साथ मुख्य चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में वाहनों की जांच की।

**असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर :** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और बिना हेलमेट, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की। साथ ही पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में सख्ती:** मुख्य बाजार, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

# आमजन की प्रत्येक शिकायत का तय समय में निपटाएं अधिकारी : नगराधीश

### नगराधीश आशीष कुमार ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनकर किया समाधान

### - समस्याओं का समाधान होने पर नागरिक सरकार व जिला प्रशासन का जता रहे आभार

**नूंह नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि आम नागरिकों की शिकायतों का तुरंत समाधान हो। अधिकारियों को चाहिए कि वे आमजन की प्रत्येक शिकायत को तय समय में निपटाएं। उन्होने कहा कि मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही समाधान करवाया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निपटारे के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर से शिकायतकर्ताओं का विश्वास शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 07 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने आह्वान किया कि यदि उनकी कोई समस्या है तो उसे समाधान शिविर में जिला प्रशासन के समक्ष रखते हुए उनका समाधान करवाएं।

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर में विशेष तौर पर बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं। उन्होंने समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को विशेष तवज्जो देते हुए निपटाएं। इस बात का ध्यान रखें कि लोगों को शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर कार्यवाही हो और निर्धारित समय अवधी में रिपोर्ट भी भेजी जाए।

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान होने से लोग हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल को नागरिकों ने सराहनीय कदम बताया। नागरिकों ने बताया कि इससे लोगों के समय व पैसे दोनों की बचत हो रही है। सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे बैठकर तसल्ली से नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं। समाधान शिविर में अधिकारीगण मौजद रहे।

# जेसीआई ने पत्रकार राघवेन्द्र की नृशंस हत्या की निंदा

## देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**



**बाराबंकी ।** जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) ने दैनिक जागरण के पत्रकार की नृशंस हत्या की निंदा करते हुए एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना ने सीतापुर में दिनदहाड़े हुई दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी से उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने के साथ इसे तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश भर की पुलिस के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं। जिससे भविष्य में इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।आजकल पत्रकारों के विरुद्ध फर्जी तरीके से मुकदमे लिखवाए जाने का भी प्रचलन बढ़ता जा रहा है, इस पर भी रोक लगाई जाए। यह निष्पक्ष निर्भीक पत्रकारिता के लिये बडी चुनौती है।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने मांग की है कि पत्रकारों एवं उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। राघवेन्द्र वाजपेई के हत्यारों एवं साजिश में शामिल लोगो के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही मृतक पत्रकार के परिवार की आर्थिक सहायता शीघ्र अतिशीघ्र प्रदान की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। बैठक मे उपस्थित सभी पत्रकारों ने मृतक पत्रकार की हत्या की एक स्वर में निंदा की।

गोष्ठी मे गाजीपुर से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. ए के राय , बाराबंकी से बी त्रिपाठी एड0,प्रतापगढ से सलमान खान व आशुतोष खरे,फतेहपुर से डॉ. आर सी श्रीवास्तव,गोरखपुर से राकेश सिंह श्रीनेत्र,असम से जस्टिस विकाश कुमार,राजस्थान से राजू चारण व राकेश कुमार वशिष्ठ,बिहार से कुनाल भगत,झारखंड से अशोक कुमार सहित कई पत्रकार शामिल हुए ।

# शारदा भवानी पटेल निर्विरोध बनी ग्राम पंचायत गोर्रा के उपसरपंच



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान / सुरेन्द्र बघेल**

**रायगढ़ =** जनपद पंचायत पुसौर ग्राम पंचायत गोर्रा के नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने एक जुटता का परिचय देते हुए ग्राम पंचायत गोर्रा मे निर्विरोध करते हुए उपसरपंच का दायित्व शारदा भवानी पटेल को दिया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत गोर्रा में नव निर्वाचित सरपंच रोहित सिदार और मनोज काश्यकार,हुमेश त्रिपाठी, भूपेंद्र बघेल, लखन बघेल, राकेश अदिले, दीपक पटेल, खुशल पटेल,पूर्व क्ष्ष्ठ गुलाब लहरे एवं पत्रकार सुरेन्द्र बघेल सचिव हरिराम पटेल, रोजगार सहायक यादव बघेल के साथ में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य और कार्यकाल की कामना की।

# चिरमिरी में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि, चिरमिरी के 40 वार्डों में दौड़ रही है दो मोबाइल यूनिट बस

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रहा है लाभ

### मोबाईल मेडिकल यूनिट बस से लोगों को मिल रही घर पहुंच सेवा

**अजीत नारायण**



एमसीबी/ जरूरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की गई है। इसके लिए नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के पूरे 40 वार्डों के लिए 02 मोबाईल मेडिकल यूनिट बस संचालित है। क्षेत्र के लोगों के द्वार तक पहुंचने वाली मोबाईल मेडिकल यूनिट वाली बसें स्वयं में एक अस्पताल है। जिसमें मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं व निःशुल्क दवा उपलब्ध है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 01 पोड़ी, एवं वार्ड क्रमांक- 38 डोमनहिल फुटबॉल ग्राउण्ड के पीछे कैंप लगाया गया। पोड़ी में 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 10 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया, वहीं सभी जांच कराने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है, जिसके लिए आमजनों को स्वास्थ्य की जांच हेतु घर पहुंच सेवा मोबाईल मेडिकल युनिट बस की शुरूआत की गई है। जिसमें 42 प्रकार के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जिसमें मुख्य रूप से सी.पी.सी. मशीन से जांच, एल.एफ.टी., थायराइड, विटामिन बी-12, विटामिन डी-03, यूरिक एसिड जैसे अन्य कई प्रकार के जांच कर लोगों का घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। इस दौरान डॉ. किरण किशोर, डॉ. सुमन पाण्डेय, ए.एन.एम. सुनिता कारफारमा, लैब टेक्नीशियन सुशील यादव, फार्मासिस्ट नैन्सी, सुभाष, रोशन सिंह, लैब टेक्नीशियन अलमा एक्का व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## मार्मिक स्टोरी : लोकेशन कुशीनगर

# क्या है बेबसी में हालत-ए-ज़िंदगी ?

### जिंदगी - मौत के आखिरी राह पर है मिथिलेश उर्फ मंटू

### बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा इलाज,गरीब मां-बाप लाचार

### इलाज़ समय पर नहीं हो सका तो,तड़प कर मरने को मजबूर हो जाएगा मंटू राजभर ?

मु.सरफराज




पडरौना,कुशीनगर = पडरौना ब्लाक के एक गांव में एक ऐसा परिवार है जो इस वक्त अपनी लाचारी और बेबसी पर आंसू बहा रहा है. मां-बाप आंखों के सामने अपने लाल को पल-पल मौत की ओर बढ़ते देख रहे हैं लेकिन वह कुछ कर नहीं सकते. मां-बाप ने भी अब सब कुछ अल्लाह और भगवान पर छोड़ दिया है. दरअसल पूरा वाक्या पडरौना तहसील क्षेत्र के बसहिया बनबीरपुर गांव के सिधुआ बाजार मे सर्वदेव राजभर के 22 वर्षीय बेटा मिथिलेश उर्फ मंटू राजभर है. जो पिता सर्वदेव राजभर के छोटे बेटे बाइस वर्षीय मिथिलेश की सांस न लेने और पेट में गैस की दिक्कतों के साथ नस से जुड़ी बीमारी ने बेहद नाजुक हालात पैदा दिया है जो रोज़ाना बढ़ता जा रहा है।

आपको बता दें कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के वार्ड में वेंटिलेटर पर पड़े गंभीर बीमारी से पड़े मुफलिसी की ज़िंदगी काट रहे मिथिलेश की मां ने बताया की जब इलाज के लिए अस्पताल ले गए तो मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने बताया की मिथिलेश के इलाज के लिए इंजेक्शन जो लगाना है,वह मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है,जबकि इंजेक्शन बाहर से खरीद कर लाने की सलाह दी जो पंद्रह हजार का बताया जा रहा है। करीब एक हफ्ते से ऊपर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के वेंटीलेटर बेड पर पड़े अपने लाल को बचाने के लिए मिथिलेश की मां रात-दिन एक कर दी है।

जबकि वहीं पीड़ित मिथिलेश की बहन रेनू से जब बात की गई तो वह आंखों में अश्क लिए बेहद नम होकर रोने लगी फिर खुद को संभालती हुई उन्होंने भाई की तस्वीर दिखाते हुए उसके दर्द को मीडिया के सामने बयां की. उसने कहा कि उनकी जिंदगी बेहद गरीबी और मुफलिसी में गुजर रही हैं. ऐसे में भाई के ईलाज के लिए इतना रुपये कहां से लाएं. वह कहती है की गरीब हूं क्या करूं,अब बस अपने भाई की दर्द,तकलीफ़ देखकर सरकारी मदद को छोड़कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ राजनीतिक दल,व्यापारी सामाजिक अन्य सहयोगियों से अपने भाई के इलाज में रोड़ा बन रहे पैसों की किल्लत को देख गुहार लगा रही है। उधर पीड़ित गंभीर बीमारी से ग्रस्त मंटू राजभर के भरपूर इलाज के सहयोग मे आगे आए पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल उर्फ़ मटु ने भी सरकार के तरफ से इलाज के लिए दी जाने वाली सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए आश्वासन देते हुए भरोसा दिलाया है, हालांकि वहीं अपने तरफ से आर्थिक मदद करते हुए पीड़ित बीमार मिथिलेश के इलाज के खर्च के लिए भरपूर जिम्मा उठाया है। साथ ही साथ समाज सेवी, नेता, व्यापारी समेत सहयोगी, युवा ने भी अपने तरफ से पीड़ित परिवार के बीमार लड़के के इलाज के लिए मदद कर रहे हैं, बहरहाल बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के वार्ड में भर्ती गंभीर बीमारी से मजबूर मिथिलेश की बिगड़ती हालात यह बयां कर रही है,कि अगर समय रहते महंगा इंजेक्शन के साथ अन्य दवाइयों का बंदोबस्त समय पर नहीं हुआ तो ? मिथिलेश को बचने की संभावना नहीं है ? ऐसे में इस गरीब परिवार को राजनीतिक दल व्यापार मंडल समाजसेवी और ग्राम सभा से जुड़े जनप्रतिनिधि समेत क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य के साथ अन्य लोगों का सहयोग नहीं मिला तो वेंटिलेटर पर पड़े मिथिलेश उर्फ मंटु राजभर तिल-तिल, तड़पकर मरने के कगार पर पहुच जायेगा ?

# 37वां हरामखाऊ सम्मेलन आज

## मशहूर कामेडियन प्रताप फौजदार देगे अपनी प्रस्तुति

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी
छिन्दवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान

होली के अवसर पर आयोजित होने वाले छिन्दवाड़ा जिले के बहुप्रतिष्ठित कार्यक्रम हराम खाऊ अपमान समारोह का आयोजन परम्परा अनुसार होलिका दहन की पूर्व संध्या पर स्थानीय दशहरा मैदान में शाम 7 बजे से आयोजित किया जावेगा जिसमें देश के मशहूर कामेडियन प्रताप फौजदार अपने चिर परिचित अंदाज में हास्य रस की वर्षा करेंगे जिसमें उपस्थित जनसमुदाय आनंद रस में डूब जायेगा उक्त आशय की जानकारी देते हुऐ समिति के संतोष जैन सरल , हेमन्त जैन और सौरभ ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा कार्यक्रम को एकदम नये अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें छिन्दवाड़ा के वरिष्ठ साहित्यकार मन्नूलाल झकलट हराम खाऊ टाइम्स के 37 वें अंक के मुख्य अंश का वाचन

अपने विशेष अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। हरामखाऊ आर्केस्ट्रा द्वारा छिन्दवाड़ा के समस्त जनप्रतिनिधियों पर आधारित हास्य रस से परिपूर्ण पेरोडीयो का गायन किया जावेगा जो आकाशीय का केन्द्र होगा इस वर्ष कार्यक्रम के अतिथियों के रूप में माननीय श्री विवेक बंटी साहू सांसद , श्री कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री ,श्री राकेश सिंह प्रभारी मंत्री ,श्री चौ.चन्द्रभान सिंह पूर्व मंत्री ,श्री दीपक सक्सेना पूर्व मंत्री ,डॉ.शेषराव यादव जिलाध्यक्ष भाजपा छिन्दवाड़ा ,श्री विश्वनाथ ओक्टे जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा ,महापौर विक्रम आहके ,निगम अध्यक्ष सोनू मागो ,श्री शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर ,श्री अजय पाण्डे एस.पी. ,श्री सुधीर जैन एस.डी.एम. ,श्री सी.पी.राय आयुक्त नगर निगम सहित छिन्दवाड़ा के समस्त जनप्रतिनिधिगण का मिडिया जगत के समस्त साथीगण उपस्थित रहेगे । उक्त कार्यक्रम की ओर भी आकर्षक बनाने हेतु समिति के पदाधिकारियों राजू चरणागर ,प्रणय नामदेव ,सुनील जैन ,अरविंद राजपूत ,प्रदीप स्नेही ,विजय आनंद दुबे ,रजनीश जैन ,तरूण जैन ,योगेश बेले ,घनश्याम राजपूत ,विजय गुप्ता ,गुंजन नायक ,नरेश सोनी नारू ,आशीष अग्रवाल ,सुनील बनारसे ,बबलू बरमैया ,ऋषभ तिवारी ,जागेन्द्र सोलंकी ,ये सभी अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में लगे हुऐ है हराम खाऊ टाइम्स परिवार समस्त नगर वासियों से इस विलक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर होली के उपलक्ष्य में हॉस्य रस से सराबोर होने हेतू सहपरिवार इष्ट मित्रों सहित आमंत्रित करता है महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था बनाई गई हैं।

# पत्रकारों के हित में हमेशा संघर्षशील रहेंगे : धनंजय वडसमुद्रकर जोशी

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान* जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया में असेंबली आप एमपी जर्नलिस्ट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत तहसील परासिया के पत्रकार परासिया जॉनसन होटल में एकत्रित हुए। इस बैठक में असेंबली आप एमपी जनलिस्ट के जिला धनंजय वडसमुद्रकरजोशी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों के हित में हमेशा संघर्ष किया जाएगा। निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए हमें हमेशा आगे आने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट होकर अपनी पत्रकारिता कर क्षेत्र के विकास में भूमिका निभाने की जरूरत है । तहसील अध्यक्ष मोहन कहार ने कहा असेंबलीका आप एमपी जनलिस्ट में वरिष्ठ पत्रकारों का समावेग कर यह संगठन बनाया गया है लगातार 3 दशकों से कार्य करने वाले पत्रकार इस संगठन में सम्मिलित है। यह संगठन हमेशा पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान कर पत्रकारों को निखारता है। आगामी बैठक 15 अप्रैल को रखी गई है। इस बैठक उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार मौर्य ,उपाध्यक्ष ,महासचिव हेतूलाल बिंदवारी, संगठन मंत्री सहेश मर्सकोले, जिला प्रतिनिधि ,सदस्य अनिल खेरेकर सदस्य राजेंद्र स्वामी,वीरेंद्र यादव, मंटू यादव, विनोद बदेवार उपस्थित हुए।

# राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता में नेहरू कॉलेज के शिक्षकों की शानदार जीत



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

सुसनेर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो सहायक प्राध्यापकों ने तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। डॉ. हंसराज पाटीदार ने टेबल टेनिस (अंडर 50 पुरुष वर्ग) में और प्रो. हेमलता पारस ने टेबल टेनिस (अंडर 50 महिला वर्ग) में विजेता का खिताब जीता। इसके अलावा, प्रो. हेमलता पारस ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान हासिल किया।सम्मान समारोह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एस. मंडलोई और समस्त स्टाफ ने दोनों विजेता सहायक प्राध्यापकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर, डॉ. हंसराज पाटीदार और प्रो. हेमलता पारस ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे खेल को पूरे मन से खेलने से जीत हासिल की जा सकती है। प्राचार्य की शुभकामनाएं

प्राचार्य डॉ. जे.एस. मंडलोई ने दोनों विजेता सहायक प्राध्यापकों को समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अनिल पाटीदार ने किया।

# जनपद में 15 मार्च को होली का स्थानीय अवकाश

## 12 मार्च को कार्यालय यथावत खुले रहेंगे

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो
रायबरेली धर्मवीर यादव

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि सामान्य प्रशासन अनुभाग उ0 प्र0 शासन की विज्ञप्ति संख्या-870/तीन-2024-39(2) / 16 दिनांक 17.12.2024 द्वारा वर्ष 2025 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के अन्तर्गत इस जनपद की अवकाश दिवस सूची-2025 निर्गत की गयी थी, जिसके कमांक 05 पर होली स्थानीय अवकाश 12 मार्च, 2025 दिन बुधवार घोषित किया गया था। विभिन्न संगठनों द्वारा मौखिक मांग के आधार पर 12 मार्च, 2025 के स्थान पर होली स्थानीय अवकाश दिनांक 15 मार्च, 2025 दिन शनिवार घोषित किया जाता है। 12 मार्च, 2025 दिन बुधवार को यथावत कार्यालय खुले रहेगें। तद्नुसार इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए निर्गत अवकाशकाल को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

# करारी में बिजली विभाग ने की छापामार कार्रवाई, बकायेदारों में हड़कंप

## दो दर्जन बकायेदारों का काटा गया विद्युत कनेक्शन। चार हजार स्मार्ट मीटर लगाने का विभाग ने लिया लक्ष्य

गणेश वर्मा, ब्यूरोचीफ़ कौशाम्बी
केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी।** करारी कस्बे में मंगलवार को विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने बिजली बकायेदारों व विद्युत चोरी के खिलाफ छापामार कार्रवाई की। विभाग की कार्रवाई से बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई में दो दर्जन बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटा गया। बिजली बिल जमा करने वाले कुछ उपभोक्ताओं का कनेक्शन पुन: जोड़ दिया गया। इसके साथ ही समूचे कस्बे में कुल चार हजार स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने के लक्ष्य के प्रति अभियान चलाया गया।

करारी कस्बे के आजाद नगर व हजरत गंज मोहल्ले में विभाग की तरफ से गठित तीन टीमें जिसमें विजिलेंस, पावर हाउस के विद्युत कर्मी एवं जीएमआर की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। कार्यवाही में पांच हजार से अधिक पच्चीस बिजली बिल बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया। इसके अलावा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ लोगों का कनेक्शन बिल जमा करने के बाद जोड़ दिया गया। इस दौरान जेई अमर सिंह ने बताया कि कस्बे में विद्युत चोरी की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कस्बे में कुल चार हजार स्मार्ट विद्युत मीटर लगने हैं। जिसमें अभी तक करीब बारह सौ स्मार्ट मीटर ही लगा है। उन्होंने अभियान चलाकर जल्द ही सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर विजिलेंस प्रभारी जगन्नाथ सिंह, मीटर एसडीओ जितेंद्र कुमार, एक्सिएन आरके कुशवाहा, अख्तर हुसैन, उपनिरीक्षक विनोद पांडेय आदि विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न, 5 ग्रुपों ने ली एक साथ शपथ

## औरैया में जायंट्स ग्रुप ग्रीन सिटी के नाम से बना एक नया ग्रुप ब्रजेश बंधु बने अध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान






औरैया। शहर के महावीरगंज मोहाल स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन 5 की यूनिट 6 के समस्त ग्रुपों का अधिष्ठापन प्रथम यूनिट काउंसलिंग मीट एवं ओरिएंटेशन समारोह आयोजित किया गया। जायंट्स ग्रुप के रजत जयंती वर्ष के शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत की घोषणा समारोह के अध्यक्षता कर रहे शिवकुमार श्रीवास्तव ने की। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सेंट्रल कमेटी सदस्य डॉक्टर शिवराज सिंह यादव, स्पेशल कमेटी मेंबर श्रीमती उषा यादव एवं फेडरेशन अध्यक्ष डॉक्टर उमेश अग्रवाल, फेडरेशन उपाध्यक्ष विपिन मित्तल ने सामूहिक रूप से किया। इसके उपरांत जायंट्स ग्रुप द्वारा नव सृजित ग्रुप ग्रीन सिटी का उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी द्वारा चार्टर प्रदान किया गया। ग्रुप में शामिल हुए नए सदस्यों व नवसृजित समूह के सदस्यों को फेडरेशन उपाध्यक्ष विपिन मित्तल ने शपथ ग्रहण कराई।इसके बाद जायंट्स ग्रुप के नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद गुप्ता, सहेली अध्यक्ष मंजू गर्ग, प्रोग्रेसिव अध्यक्ष बागीश अग्रवाल, सुपर वुमन स्टार की अध्यक्ष नूपुर सेंगर एवं नव सृजित ग्रीन सिटी के अध्यक्ष बृजेश बंधु को शपथ अधिष्ठापन अधिकारी नितिन वर्मा ने दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत होम ग्रुप जायंट्स ग्रुप नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि जायंट्स ग्रुप समाज सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहता है। ग्रुप द्वारा यमुना सेवा, स्वच्छ औरैया, जल संरक्षण, दिव्यांग सेवा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि समाज सेवा के कार्य कराए जाते रहे है जो कि जारी रहेंगे । आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर मनोज चौरसिया, कुलदीप सिंह यादव, मोहन अग्रवाल, नीलम लोहिया आदि मौजूद रहे। समारोह में चीफ कॉर्डिनेटर विमल कुमार यादव, कॉर्डिनेटर अनीता अग्रवाल, यूनिट निदेशक यूनिट 5अपर्णा सिंह, फेडरेशन आफीसर रितु चंदेरिया, यूनिट निर्देशक यूनिट 4 प्रीति पोरवाल, किमी पोरवाल, रोहित अग्रवाल , आलोक पाल,नवनीत पुरवार, विष्णु गहाई,कमल वर्मा, रवि भान सिंह, राजेंद्र कुमार, आलोक गुप्ता, भीमसेन सक्सेना, ज्ञान सक्सेना, अनूप सक्सेना, रंजीत सिंह राजावत,अमित बरसैंया, वीरेंद्र शर्मा,अंकुर पुरवार, अंजनी कटियार, अरुण त्रिवेदी, राघव श्रीवास्तव, विष्णु गहोई आदि लोग मौजूद उपस्थित रहे।

# मथुरा भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों ने पत्रकार की हत्या के विरोध मथुरा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई। जी की हत्या के खुलासे व एक करोड रुपे के मुआवजे की मांग के लिए मथुरा जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नाम ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर उपजिलाधिकारी को सोपा

भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट ने कहा उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण के युवा पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या का खुलासा किया जाए।

**हत्यारो को कड़ी सजा दी जाए :** मृतक युवा पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए

देश के लोकतंत्र मे मीडिया चौथा स्तंभ होता है मीडिया को सुरक्षा मुहिम कराई जाए हत्यारो को पड़कर कड़ी कार्रवाई की जाए

राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान ने संयुक्त रूप से कहा युवा पत्रकार की हत्या का खुलासा जल्द किया जाए नहीं तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता पूरे उत्तर प्रदेश में जन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे ज्ञापन देने वालों मे राष्ट्रीय सलाहकार राहुल एडवोकेट दुष्यंत एडवोकेट कृष्ण फौजदार प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# मथुरा में लेडीज कपडे पहनकर प्रेमी घर में घुसा , प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** जनपद के फरह थाना क्षेत्र के गांव कोह में मंगलवार दोपहर एक युवक लहंगा पहनकर अपनी प्रेमिका के घर में घुसा और उसे पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। घटना से गांव में हडकंप मच गया। उस वक्त घर में कोई नहीं था। महिला का पति खेत पर गया था और बच्चे स्कूल। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो युवक भागने के दौरान छत से गिर गया और पकड़कर पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गांव कोह में रहने वाली रेखा का पति संजू खेत पर गए थे, दो बच्चे स्कूल गए थे। रेखा घर में अकेली थी। तभी उसका प्रेमी हरियाणा के हसनपुर निवासी उमेश महिला के भेष में लहंगा पहनकर छत के रास्ते रेखा के घर में घुस गया। यहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसने रेखा के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी आग की लपटों में उमेश भी झुलस गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और भाग रहे उमेश को पकड़ लिया, उसे पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, रेखा को अस्पताल भेजा गया है। परिजनों ने बताया कि उमेश रेखा की जेठानी का भाई है। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब पांच माह पूर्व उमेश रेखा को भगाकर ले गया था, बाद में पुलिस ने उसे करीब एक माह पूर्व नैनीताल से बरामद किया। तब से रेखा ने उमेश से बातचीत बंद कर दी थी इसी खुन्नस में उसने इस घटना को अंजाम दिया। भागने के दौरान युवक छत से गिरने और ग्रामीणों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पुलिस व एंबुलेंस पहुंच गई। दोनो को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है